नई दिल्ली

बुधवार 1 अप्रैल 2026

चैत्र मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 347

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 28
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




साणंद में केन्स सेमीकॉन की ओएसएटी सुविधा का उद्घाटन करते पीएम मोदी

## खबर संक्षेप

### इंडिगो ने विलियम वॉल्श को बनाया नया सीईओ

**नई दिल्ली।** पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे के कुछ हफ्तों बाद इंडिगो ने नए सीईओ का नाम घोषित किया है।



इस भारतीय एयरलाइन ने मंगलवार को ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व प्रमुख विलियम वॉल्श को नया सीईओ बनाने का ऐलान किया। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन में वॉल्श का कार्यकाल 31 जुलाई, 2026 को समाप्त हो रहा है। इंडिगो में उनके 3 अगस्त, 2026 तक या उससे पहले कार्यभार संभालने की उम्मीद है। इंडिगो के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि विलियम वॉल्श (विली) इंडिगो की कमान संभालेंगे। वह एक बेहतरीन ग्लोबल एविएशन लीडर हैं। उनका कई एयरलाइनों में शानदार नेतृत्व का बेमिसाल रिकॉर्ड रहा है।

### टोयोटा के सीईओ ने कहा हम टिक नहीं पाएंगे

**नई दिल्ली।** ग्लोबल ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में तेजी से हो रहे बदलाव ने



टोयोटा के सीईओ कोजी सातो की चिंता बढ़ा दी है। इसीलिए उन्होंने कंपनी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। सातो ने हाल में कहा कि मौजूदा हालात में बदलाव की जरूरत है। ऐसा न होने पर सेल्स के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी कार कंपनी टोयोटा सर्वाइव नहीं कर पाएगी। इस सप्लायर समिट में 484 कंपनियां मौजूद थीं। ऑटोमोटिव न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, सातो ने कहा, जब तक हालात नहीं बदलते, हम टिक नहीं पाएंगे। मैं चाहता हूं कि हर कोई इस संकट को समझे।

### भाजपा अध्यक्ष नवीन ने एलडीएफ और यूडीएफ के 17 साल के शासन पर साधा निशाना

# भाजपा ने 'विकसित केरलम' के विजन पर जारी किया संकल्प पत्र, गरीबों से कई वादे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**हर घर को हर महीने 20,000 लीटर पानी मुफ्त देने का प्रस्ताव रखा गया**

- भाजपा की सरकार बनने पर गरीब परिवारों की महिलाओं को 2,500 रूपये की मासिक वित्तीय सहायता
- आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को हर साल दो मुफ्त एलपीजी सिलिंडर दिए जाएंगे



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को तिरुवनंतपुरम, केरलम में विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र का विमोचन किया। नवीन ने 'विकसित केरलम' के विजन को प्रस्तुत करते हुए राज्य के समग्र विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख संकल्पों को सामने रखा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर, बीडीजेएस अध्यक्ष तुषार वेल्लापल्ली, मेयर वी. वी. राजेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गठबंधन सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेताओं, शहर की प्रतिष्ठित हस्तियों और बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही, जिससे इस आयोजन का व्यापक महत्व परिलक्षित हुआ।



नितिन नवीन ने कहा कि वे पहले भी केरल आ चुके हैं, लेकिन इस बार उनकी यात्रा का उद्देश्य और विज़न नया है। केरल एक ऐसी भूमि है, जो प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध संस्कृति, विरासत, खनिज संसाधनों और पर्यटन की अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है और जो पूरे भारत और विदेशों से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करती है। केरल की जनता की मेहनती प्रवृत्ति भी सराहना के योग्य है।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह अवसर 'विकसित केरलम' घोषणापत्र को पेश करने का है। केरलम में अपार प्राकृतिक और मानवीय क्षमता होने के बावजूद, एलडीएफ और यूडीएफ के 17 साल के शासन के दौरान राज्य में औद्योगिक विकास नगण्य रहा, जिससे आर्थिक ठहराव और वित्तीय कुप्रबंधन की स्थिति बनी। वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक में केरलम की 15वीं रैंक को वित्तीय कुप्रबंधन, अंधाधुंध कर्ज़ लेने और सतत आर्थिक विकास में विफलता का प्रमाण है। पूरे भारत में केरल की मेहमाननवाज़ी और शक्ति की प्रशंसा के बावजूद, खराब शासन को वित्तीय और विकासात्मक संकेतकों में रजी पिछड़ कर रह गया। पिछले 17 सालों से एलडीएफ और यूडीएफ ने मैच-फिक्सिंग की, जिसमें ये राजनीतिक और पारिवारिक फ़ायदे के लिए बारी-बारी से सत्ता पर काबिज़ रहे। इस रवैये को केरलम के लोगों के लिए भारी नुकसान हुआ, जिसने राज्य के विकास की गति को काफी धीमा कर दिया है। ये दोनों कभी भी केरलम के लोगों की तरक्की के लिए पूरी तरह समर्पित नहीं रहे। अगर सही मायने में विकास होता, तो नागरिक अपने हक के अवसर मांगने में सशक्त होते, लेकिन ये पार्टियां उन्हें ऐसे मौके देने को तैयार नहीं थीं।

नवीन ने कहा कि मेहमाननवाज़ी और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों सहित सभी क्षेत्रों में, एलडीएफ और यूडीएफ दोनों ही सरकारें प्रभावी ढंग से काम करने या केरलम के लोगों की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने में नाकाम रहीं। इस कमजोर प्रदर्शन को शासन की कमियों के बड़े पैटर्न का हिस्सा है। ऐसे शासन ने तुष्टीकरण की राजनीति को भी जारी रखा, जिसकी कीमत दूसरे धर्मों और समुदायों की भावनाओं को ठेस पहुँचाने के रूप में चुकानी पड़ी। केरल से बाहर के राजनीतिक गठबंधनों का यही रवैया रहा। तमिलनाडु जैसे राज्यों में और राष्ट्रीय स्तर पर, यूपीए के कार्यकाल में कम्युनिस्ट पार्टियां और कांग्रेस मिलकर काम करती रही, लेकिन इन गठबंधनों ने केरलम के विकास पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया।

नवीन ने कहा कि यह घोषणापत्र विकसित केरलम, सुरक्षित केरलम और विश्वासम संपन्नम केरलम की परिकल्पना पर आधारित है, जो केरल में विकास, सुरक्षा और जनता के विश्वास पर केंद्रित शासन मॉडल की नींव रखता है। प्रस्तावित मॉडल भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन को स्थापित करेगा और पारदर्शिता, कार्यकुशलता, जवाबदेही तथा वास्तविक समय में सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और एआई-सक्षम प्रणालियों द्वारा संचालित होगा।

नागरिक-प्रथम दृष्टिकोण का उद्देश्य केरल के सभी 3.6 करोड़ नागरिकों के लिए समान अधिकार, समान न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करना है। प्रमुख कल्याणकारी उपायों में खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करना और स्वास्थ्य देखभाल संबंधी खर्चों के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान करना शामिल है। गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए 2,500 रूपये की मासिक वित्तीय सहायता का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए प्रति वर्ष दो मुफ्त ण्लपीजी सिलिंडर प्रदान करने का प्रस्ताव है। एक ओणम के अवसर पर और दूसरा क्रिसमस के अवसर पर। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आय सीमा को बढ़ाकर 8 लाख रूपये करने का भी प्रस्ताव किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल होकर अपने उत्थान में लाभान्वित हो सकें। साथ ही, हर घर को हर महीने 20,000 लीटर पानी मुफ्त देने का प्रस्ताव रखा गया है। गरीब परिवारों की महिला मुखियाओं, विधवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए हर महीने 3,000 रूपये की बढ़ी हुई कल्याण पेंशन का प्रस्ताव भी शामिल है, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान मिल सके।

### भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने तैयार

# पीएम मोदी ने साणंद में सेमीकंडक्टर ओएसएटी सुविधा का किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन की आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट (ओएसएटी) सुविधा का उद्घाटन किया। इस प्लांट में अब कमर्शियल ऑपरेशन भी शुरू हो गए हैं। पीएम मोदी ने प्लांट का निरीक्षण किया और वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और चल रहे ऑपरेशंस का जायजा लिया।

साणंद यूनिट लगभग 3,300 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित की गई है। यह प्लांट सेमीकंडक्टर असेंबली, पैकेजिंग और टेस्टिंग का काम करेगा, जो चिप मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू चेन का अहम हिस्सा है। यह सुविधा केंद्र सरकार के 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत देश में सेमीकंडक्टर निर्माण की घरेलू क्षमताएं बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है।

**इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा:** पीएम मोदी ने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगी। पीएम नरेंद्र मोदी को उनके सानंद दौरे के दौरान केन्स सेमीकॉन की यूनिट में इस्तेमाल हो रही एडवांस्ड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सुविधा केंद्र में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और क्लीनरूम और प्रोडक्शन लाइनों का भी निरीक्षण किया। पीएम ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से रोजगार के अवसर बढ़ने और हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में कुशल कर्मचारियों के विकास में मदद मिलेगी।

अश्विनी वैष्णव बोले

### 2026 में चार और 2027 में दो और सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2026 तक चार सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे और 2027 तक दो प्लांट का काम पूरा हो जाएगा। भारत की पहली फैब्रिकेशन यूनिट 2028 तक धोलेरा में तैयार हो जाएगी। वैष्णव ने बताया कि केयन्स सेमीकॉन की सानंद यूनिट देश का दूसरा सेमीकंडक्टर प्लांट है। माइक्रोन टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित देश के सबसे पहले सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन 28 फरवरी को हुआ था और आज, 31 मार्च को, दूसरे प्लांट का उद्घाटन किया गया है। तीसरे प्लांट का उद्घाटन जुलाई में किया जाएगा।



### प्रतिदिन 63 लाख मॉड्यूल का उत्पादन होगा

प्लांट में कमर्शियल प्रोडक्शन की शुरुआत इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल के निर्माण से हुई है। इन मॉड्यूल्स का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों, इंडस्ट्रियल सिस्टम और ऊर्जा-कुशल उपकरणों जैसे एप्लीकेशंस में बड़े पैमाने पर किया जाता है। प्रत्येक मॉड्यूल में कई चिप्स को एक ही पैकेज में इंटीग्रेट किया जाता है। जब यह सुविधा पूरी क्षमता पर काम करेगी, तो इसकी प्रोडक्शन क्षमता लगभग 63 लाख यूनिट्स प्रतिदिन होने की उम्मीद है।





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife जीतने का मौका सोने और चांदी के सिक्के और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~As per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles until March 2025. World's no 1 disclaimer- World's largest Two-Wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: Certificate from SIAM dated 9th January 2026.^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. #Limited period offer, T&C apply. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of Splendor+ drum brake non i3S variant applicable in Delhi.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero, 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero, 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero, 9289922381, Okhla Phase II: Arc Hero, 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero, 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero, 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero, 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero, 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero, 9289923185, Pitampura: Shraman Hero, 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero, 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero, 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh(Faiz Road): Essaay Hero, 9289922382, Upper India Hero, 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero, 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero, 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero, 7836078383, Samalkha: Singla Hero, 7836078484, Janak Puri: Singla Hero, 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero, 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero, 9289924309, Nawada: Khanna Hero, 9289924310.

RS/Hero/03/26

# हनुमान जयंती शोभा यात्रा को लेकर जहांगीर पुरी में सुरक्षा चाक चौबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



हनुमान जयंती शोभा यात्रा को लेकर जहांगीर पुरी में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। 2 अप्रैल को निकाली जाने वाली दो किलोमीटर लंबी शोभा यात्रा की सुरक्षा में दिल्ली पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियां भी कमान संभालेगी। अतिरिक्त पुलिस बल 2022 के दंगों से सबक लेते हुये हर साल तैनात किया जा रहा है। घरों की छतों और ड्रोन की मदद से भी शोभा यात्रा की निगरानी की जाएगी।

डीसीपी आकांशा यादव के अनुसार हनुमान जयंती शोभा यात्रा के लिए बाइक और पैदल गश्त बढ़ाई गई है। जनता से भी शांति बनाये रखने की अपील की जा रही है। अमन कमेटियों के साथ पुलिस अधिकारियों की बैठकें लगातार हो रही है। संवेदनशील इलाकों, भीड़भाड़ वाले बाजारों, मंदिरों और जुलूस के लिए तय रास्तों पर खास ध्यान दिया जा रहा है। रात की गश्त पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस की टीमें जमीन पर पूरी तरह से मौजूद हैं, वे लगातार निगरानी रख रही हैं और निवासियों के बीच सुरक्षा की भावना को मजबूत कर रही हैं। पुलिस की मौजूदगी और लगातार निगरानी किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत कार्रवाई करने और उसे रोकने में मदद कर सकती है। आम नागरिकों से पुलिस ने अपील व आग्रह किया कि वे सतर्क और सहयोगी बने रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना 112 डायल करके या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करके दें।

### 2022 के दंगों के बाद सतर्कता

बता दें कि 16 अप्रैल 2022 में जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती शोभा यात्रा के दौरान हुए हिंसक दंगे हुये थे। यात्रा के दौरान बजरंग दल व मुस्लिमों के बीच झड़प हुई। यह झड़प बजरंग दल द्वारा उस दिन आयोजित तीन शोभायात्राओं में से अंतिम शोभायात्रा के दौरान हुई थी। शोभायात्रा एक मस्जिद के पास रुकी थी, जहां मुसलमान रमजान की नमाज अदा कर रहे थे। झड़प में दोनों समूहों ने एक-दूसरे पर पत्थर और अन्य वस्तुएं फेंकीं। कुछ गोलियां भी चलाई गईं। एक पुलिस अधिकारी समेत कई लोग घायल हुये थे। केस में दो नाबालिगों समेत करीब दो दर्जन लोगों को पकड़ा गया था।

## चाकू घोंप लूटपाट करने वाले चार नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में एक शख्स को चाकू घोंपकर उसका मोबाइल फोन लूटने के आरोप में चार नाबालिगों को पकड़ा गया है। आरोपी नाबालिग नशे के आदी बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार यह वारदात 28 मार्च को जनता गार्डन के पास सामने आई थी। पीड़ित और उसके दोस्त को लगभग एक ही उम्र के चार लड़कों ने घेर लिया था। लूटपाट के दौरान आरोपियों ने एक पीड़ित की पीठ पर चाकू से वार किया और उसका मोबाइल लेकर फरार हो गए थे। पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। घटनास्थल पर सीसीटीवी कवरेज न होने के कारण पुलिस को खासी परेशानी भी आरोपियों तक पहुंचने में हुई। हाल ही में मिली सूचना पर छापेमारी की गई और चारों नाबालिगों को पकड़ लिया गया। शुरू में आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में उन्होंने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस के मुताबिक, तीन नाबालिग स्कूल छोड़ चुके हैं, जबकि चौथा अभी पढ़ रहा है।

# अलग-अलग मुठभेड़ के बाद दो वांछित अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



द्वारका जिले के डाबडी इलाके में एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या करने और कई अन्य लोगों पर हमले के मामले में वांछित दो बदमाशों को पुलिस ने सोमवार देर रात अलग-अलग मुठभेड़ों के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रोहित कुमार उर्फ नोडी और प्रेम शर्मा उर्फ हिमांशु के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल भी हुये हैं।

पुलिस के अनुसार बदमाशों ने पकड़ने की कोशिश कर रही पुलिस टीमों पर पहले गोलियां चलाई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैरों में गोलियां लगी। ये गिरफ्तारियां रविवार रात मधु विहार में हुई चाकूबाजी की दो घटनाओं के 24 घंटे के भीतर हुई हैं। इन घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस के मुताबिक इलाके में करीब 15 मिनट के भीतर दो अलग-अलग घटनाएं हुई थी।

द्वारका डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार पहली घटना रात 9.23 बजे मधु विहार में दुर्गा माता मंदिर के पास हुई, जिसमें खाना आपूर्ति करने वाले 39 वर्षीय गोविंद झा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। झा ने आरोपियों से रास्ता पूछा था, जिसके बाद उन पर हमला किया गया। एक राहगीर उन्हें अस्पताल ले गया, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके कुछ मिनट बाद इसी इलाके में नव जीवन स्कूल के पास दूसरी घटना हुई, जहां हनी, अनीस और रोहित नाम के तीन लोगों को अज्ञात हमलावरों ने चाकू मारा। तीनों घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें से दो बयान देने की स्थिति में नहीं थे और एक को विशेष उपचार के लिए दूसरे अस्पताल रेफर किया गया। डीसीपी ने कहा, शुरुआती अफवाहों में इन घटनाओं को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई थी, लेकिन जांच में ऐसा कोई पहलू नहीं पाया गया है और ऐसे दावों को भ्रामक करार दिया गया है। संदिग्धों की पहचान होने के बाद विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, उनकी तलाश के लिए कई टीमें तैनात की गई थी। पहली सफलता सोमवार देर रात मिली जब स्पेशल स्टाफ की टीम ने द्वारका सेक्टर 17 में एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास रोहित कुमार को देखा। पुलिस टीम ने उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, तो उसने तीन राउंड गोलियां चलाई। एक गोली एक हेड कांस्टेबल के बेहद करीब से गुजरी। टीम ने संयम बरता और आत्मरक्षा में नियंत्रित गोलीबारी के साथ जवाबी कार्रवाई की। रोहित कुमार के घुटने में गोली लगी और थोड़ी मशक्कत के बाद उसे काबू कर लिया गया। उसके पास से एक पिस्तौल के साथ ही कारतूस और कारतूस के खाली खोखे बरामद किए गए। अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी पुलिस टीम ने सोमवार रात ही नजफगढ़ के पास प्रेम शर्मा को रोका जो एक चोरी के स्कूटर पर जा रहा था। चुनौती दिए जाने पर उसने भी पुलिस पर तीन गोलियां चलाई। एक गोली एक हेड कांस्टेबल की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। आत्मरक्षा में शर्मा के घुटने के नीचे भी गोली मारी गई। शर्मा गोविंद झा की हत्या का मुख्य आरोपी है। जबकि दोनों आरोपी अन्य तीन लोगों पर हुए हमले में शामिल थे। दोनों बदमाशों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड मिला है। रोहित कुमार इसी महीने की शुरुआत में जेल से छूटा था, जबकि प्रेम शर्मा अपहरण और फिरौती जैसे गंभीर अपराधों में शामिल रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह का भंड़ाफोड़ दो अफ्रीकी समेत चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राजधानी में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करी के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए दो अफ्रीकी नागरिकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की कोकीन और एमडीएमए बरामद की गई। पुलिस के अनुसार आरोपियों के नाम गीता कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय मोहम्मद हसन, मंडावली इलाके की रजिया, सेनेगल निवासी 27 वर्षीय डियोफ सोलोमन उर्फ ऑस्कर और लाइबेरिया निवासी 30 वर्षीय बेमाह बताये गये हैं। आरोपियों के पास से कुल 120.18 ग्राम कोकीन और 36.86 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ है जिसकी कुल कीमत 1.10 करोड़ रुपये आंकी गई है। डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार प्रीत विहार इलाके में जाल बिछा कर स्कूटी सवार हसन को सबसे पहले पकड़ा गया था। उसके पास से 7.58 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ। उसकी निशानदेही पर 27-28 मार्च की दरमियानी रात को एएनएस टीम ने श्रीनिवासपुरी सबवे के पास आउटर रिंग रोड पर जाल बिछाकर सेनेगल के नागरिक डियोफ सोलोमन उर्फ ऑस्कर को गिरफ्तार किया। वह जिस स्कूटी पर सवार था, वह चोरी की थी। उसके पास से 4.43 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ। सोलोमन ने पूछताछ में सहयोग नहीं किया और टीम ने तकनीकी निगरानी और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के जरिए उसके घर का पता अमृत पुरी में निकाला। घर पर छापा मारकर उसके साथी लाइबेरिया निवासी बेमाह को पकड़ा गया। दोनों की निशानदेही पर कुल 120.18 ग्राम कोकीन और 15.71 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ। हसन से पूछताछ पर मिली जानकारी के आधार पर 29 मार्च को मंडावली इलाके में रजिया नामक महिला के घर पर छापा मारा गया जहां से 9.14 ग्राम एमडीएमए और बरामद हुआ। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के पास से एक चोरी की स्कूटी समेत दो स्कूटी, वजन तोलने की दो मशीन, छह मोबाइल फोन और दो पासपोर्ट समेत अन्य सामान बरामद हुआ है।

## शकूर बस्ती रेलवे स्टेशन पर पेट्रोल वैगन में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के शकूर बस्ती रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को पेट्रोल से भरे एक टैंक वैगन में आग लग गई। कई एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई से आग पर कुछ ही समय में काबू पा लिया गया। इस दौरान किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस के अनुसार घटना रेलवे यार्ड में उस समय हुई जब खड़े टैंक वैगन के 'मैनहोल' से पेट्रोल रिसने लगा। इसके बाद अचानक वैगन में आग लग गई। मौके पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत अग्निशमन उपकरणों, जैसे अग्निशामक यंत्र और सिलेंडरों का इस्तेमाल कर शुरुआती चरण में ही आग पर काबू पा लिया। अधिकारी ने बताया कि त्वरित कार्रवाई से आग को पास के अन्य वैगनों और रेलवे ढांचे तक फैलने से रोका गया तथा क्षेत्र को तुरंत सुरक्षित कर दिया गया। घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ और रेलवे संपत्ति को भी कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा। स्थिति जल्द ही पूरी तरह नियंत्रण में आ गई।

# 'डिजिटल पुलिसिंग' में दिल्ली नंबर वन, मिला आईएसओ प्रमाणन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने फरवरी 2026 के लिए अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणाली (सीसीटीएनएस) के कार्यान्वयन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। पुलिस को 'डिजिटल पुलिसिंग' में अपनी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों के लिए यह आईएसओ प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

दिल्ली पुलिस के पीआरओ विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि बल ने इससे पहले अक्टूबर से दिसंबर 2025 तक लगातार तीन महीने 100 अंक प्राप्त किए थे और जनवरी 2026 में सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड पर प्रथम स्थान बरकरार रखा था। प्रगति डैशबोर्ड, डेटा की गुणवत्ता, समयबद्धता, थानों की कनेक्टिविटी और नागरिक सेवाओं के वितरण जैसे मापदंडों पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का आकलन करता है। गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो इसकी निगरानी करते हैं। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यह उपलब्धि राष्ट्रीय ई-शासन मंच के प्रभावी कार्यान्वयन को बताती है, जिसमें सीसीटीएनएस और अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) शामिल हैं। दिल्ली पुलिस प्रमुख सतीश गोलछा ने इस उपलब्धि के लिए सभी इकाइयों को बधाई दी है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) अर्जुन, पुत्रः संतलाल, पताः एफ–151, रघुबीर नगर, दिल्ली, 2) रतन, पुत्रः हरि, पताः डब्ल्यूजेड–2/8, झुग्गी वाटर टैंक, रघुबीर नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 369/2008, U/s 392/34 IPC, पुलिस थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) अर्जुन, 2) रतन** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) अर्जुन, 2) रतन** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 369/2008, U/s 392/34 IPC, पुलिस थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** केअभियुक्त **1) अर्जुन, 2) रतन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री विकास मदान**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07, पश्चिमी**
**कमरा नं. 289, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3909/WD/2026**


## कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर, महिला की मौत

**नई दिल्ली।** नॉर्थ वेस्ट जिले के मॉडल टाउन थाना इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। ई रिक्शा सवार महिला की हादसे में मौत हो गई। मृतका का नाम किरण देवी (40) बताया गया है। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। हादसे में ई रिक्शा चालक पुरण लाल भी घायल हुआ है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आरोपी महिला कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। महिला का नाम अंजलि अरोड़ा बताया गया है। जानकारी के मुताबिक किरण देवी शकूरपुर इलाके में परिवार के साथ रहती थी। वह गुड़ मंडी में काम करती थी। हादसे के वक्त वह आजादपुर की तरफ जा रही थी। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब तीन बजे पुलिस को हादसे के बारे में सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम जीटी करनाल रोड, सत्यवादी फ्लाईओवर के पास पहुंची। घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एलजी संधू से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष यादव ने की मुलाकात, उठाए विकास से जुड़े कई मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव मंगलवार को नवनियुक्त उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मिलने लोक आवास पहुंचे। का उपराज्यपाल पद ग्रहण करने के बाद यादव की यह पहली औपचारिक मुलाकात है। इस अवसर पर यादव ने एलजी को पर्यावरण का प्रतीक पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस बारे में यादव ने बताया कि मैंने दिल्ली के उपराज्यपाल से पहली बार औपचारिक भेंट की है,जिसमें एलजी संधू ने खुले दिल से स्वागत करते हुए मुलाक़ात की है। इस मुलाकात में दिल्ली के विकास, सुरक्षा, परिवहन व्यवस्था, साफ सफाई, शिक्षा आदि जैसी गंभीर जनसमस्याओं से एलजी को विस्तार से अवगत कराया और उनके तुरंत समाधान के लिए माँग भी की। उन्होंने बताया कि इस मुलाकात में एलजी से चर्चा में कृषि भूमि के सर्किल रेट को 53 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए करना और दिल्ली में स्मार्ट गाँव बनाने की नीति को भी लागू करने की अपील की है। यादव ने बताया कि मैंने एलजी को दिल्ली की बदहाली को दूर करके खुशहाल बनाने के लिए कुछ सकारात्मक सुझाव भी दिए हैं। यादव के अनुसार उपराज्यपाल ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और भविष्य में दिल्ली के नागरिकों के हितों के संरक्षण और दिल्ली के विकास को ध्यान में रखकर विकास योजनाओं पर काम करने का आश्वासन भी दिया। अधिक जानकारी अनुसार यादव ने एलजी से दिल्ली में अनियंत्रित बेरोजगारी और कमरतोड़ महंगाई, बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध, खुलेआम गोलीबारी, किडनेपिंग और हर कौने पर खुलेआम बढ़ता नशे के कारोबार पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महिलाओं और लड़कियों के साथ हर दिन हो रहे बलात्कार, यौन शोषण और अपहरण की घटनाएं दिल्ली में दशहत फैला रही है, जिस पर नियंत्रण पाने पुलिस लगभग नाकाम साबित हो रही है।

## 'आप' दा को बेटियों की साइकिल खटक रही है, उन्हें सहेली पिंक कार्ड कैसे सुहाएगा : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** 'आप'दा को बेटियों की साइकिल खटक रही है, उन्हें सहेली पिंक कार्ड कैसे सुहाएगा। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो संदेश जारी कर दिल्ली की बहनों से अपील करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि दिल्ली की मेरी बहनें कुछ राजनीतिक लोग राजनीतिक प्रोपेगेंडा के तहत यह अफवाह फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड जो दिल्ली की महिलाओं के लिए बना है, वो एक बस में तो चलता है लेकिन जब दूसरी बस बदलते हैं तो वो कार्ड काम नहीं करता। बिल्कुल गलत है सरासर झूठ है। आपके पास सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड है। आप एक बस में यात्रा करके देखिए, अपना कार्ड टैप कीजिए, अगर आपको पांच, 10 या 15 मिनट में बस बदलती हैं तो यह कार्ड 100 फीसदी काम करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं पिंक कार्ड का चाहे कितनी ही बार और कितने ही अंतराल पर इस्तेमाल कर सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जो लोग अफवाह फैला रहे है इसलिए फैला रहे हैं दरअसल डीटीसी की बसें रोजाना 45 लाख ट्रिप होती है। इनमें 20 लाख ट्रिप महिलाएं करती हैं। हम मान लें कि हर बहन दो बार भी यात्रा करती है तो इसके लिए पेमेंट दिल्ली सरकार देती थी। इस पेमेंट के लिए पहले कितनी पेमेंट होती थी उसका कोई लेखा जोखा नहीं था। पिंक कार्ड का फायदा यह है कि आप कितनी बार भी बस में यात्रा करेगी उसके खर्चे का सही हिसाब नोट हो जाएगा और उसके लिए जो सरकार को पैसा देना है उसमें बिना किसी करप्शन के जितनी बार हमारी बहनों ने यात्रा की है वह सीधा पेमेंट सरकार दे देगी। अब जो लोग चाहते हैं कि इस खर्चे में बिना किसी बात के किसी निजी व्यक्ति को लाभ मिलता रहे वह नहीं हो रहा है इसलिए लोगों को तकलीफ है। अभी पिंक कार्ड अभी आराम से बन रहे हैं और तीन महीने तक बनते रहेंगे। आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **झुनू उर्फ भानु** पुत्र मंजूर, निवासी- विकास का मकान गाँव मदनपुर, डबास, दिल्ली ने **ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 80055190/2024 धारा 380/457/411 भा.द.स, थाना कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **झुनू उर्फ भानु** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **झुनू उर्फ भानु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **झुनू उर्फ भानु, ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 80055190/2024 धारा 380/457/411 भा.द.स, थाना कंझावला, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अपूर्व भारद्वाज**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
उत्तर-पश्चिम, कोर्ट संख्या 113, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/3852/RD/2026**


## आईएफएफडी : 'शतकः संघ के सौ वर्ष' एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई की विशेष स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, दिल्ली (आईएफएफडी) 2026 के समापन दिवस पर मंगलवार को भारत मंडपम में फिल्म 'शतकः संघ के सौ वर्ष' एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई की विशेष स्क्रीनिंग को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिल्लीवासियों, फिल्म प्रेमियों और सिनेमा से जुड़े लोगों ने फिल्में देखीं। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने फिल्मों के निर्माता-निर्देशकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी फिल्में नई पीढ़ी को अपने राष्ट्र नायकों और उनके महत्वपूर्ण योगदान से परिचित कराती हैं। 'शतक' फिल्म के जरिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आधारशिला पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, गुरूजी माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर एवं पूजनीय बाला साहेब देवरस का राष्ट्रनिर्माण में नेतृत्व और योगदान की प्रस्तुति प्रभावशाली ढंग से की गई है। स्वयंसेवकों का देश के आंदोलनों में योगदान एवं देश के मुश्किल समय में पूर्ण समर्पण से किया गया कार्य लोगों को प्रेरित करता है। जम्मू-कश्मीर को देश का हिस्सा बनाए रखने एवं गोवा की स्वतंत्रता में स्वयंसेवकों का सर्वस्व बलिदान संघ के पूर्ण समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों की यात्रा, सेवा कार्यों और सामाजिक योगदान को इस फिल्म के माध्यम से व्यापक समाज तक पहुंचाया गया है। कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आरएसएस एवं जनसंघ के राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत कर संकल्पों को सिद्ध किया है। बगैर भेदभाव गांव और गरीब का विकास, अंत्योदय को योजनाओं का आधार बनाना, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना और देश के दुश्मनों को गोली का जवाब गोले से देना ऐसे सभी संकल्प पूरे हुए हैं। लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर बनी लघु फिल्म की सराहना करते हुए कपिल मिश्रा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में असाधारण भूमिका निभाई है। देश भर के मंदिरों के निर्माण, पुनर्निर्माण और संरक्षण में उनका अभूतपूर्व योगदान रहा।

## कई जगह हुए कार्यक्रम आयोजित

# एलजी ने भगवान महावीर जयंती पर दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भगवान महावीर के 2625 वां जन्म कल्याणक (जयंती) के अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने समाज सहित सभी को शुभकामनाएं दी है। जबकि भगवान महावीर के अनुयायियों ने राजधानी में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए और प्रसाद आदि का वितरण किया। इस अवसर पर एलजी संधू ने कहा कि आप सभी को महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर संस्थापक तथा अहिंसा, सत्य और करुणा के पथ प्रदर्शक भगवान महावीर का जीवन मानवता के लिए शांति, संयम और आत्मचिंतन का अमूल्य संदेश देता है। एलजी ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने सिखाया कि त्याग, अनुशासन और दूसरों के प्रति सम्मान ही सच्चे जीवन का आधार हैं। आइए, हम सभी भगवान महावीर को नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लें और एक शांतिपूर्ण, समरस तथा विकसित समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। वहीं भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक पर शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के जैन मंदिर छोटा बाजार में विशाल धर्म सभा का आयोजन हुआ। रथयात्रा में जैन क्षुल्लिका पूजा भूषण व भक्ति भूषण माताजी,विधायक संजय गोयल, पूर्व पार्षद निर्मल जैन , भाजपा शाहदरा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष विपिन जैन , समाज के प्रधान रमेश जैन , मंत्री राकेश जैन , कोषाध्यक्ष पंकज जैन , विकास जैन व विजेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे। इस दौरान क्षुल्लिका पूजा भूषण व भक्ति भूषण माता जी के सानिध्य व भारी तादाद में उपस्थित जैन धर्मावलंबियों द्वारा भगवान महावीर का अभिषेक किया गया। रोहिणी, लाजपत नगर, शालीमार बाग, पीतमपुरा सहित कई अन्य जगह भगवान महावीर जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

### महावीर जयंती आत्मनिरीक्षण और अपनी अंतरात्मा को परखने का है एक दिव्य आह्वानः गुप्ता

**नई दिल्ली।** महावीर जयंती केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि आत्मनिरीक्षण और अपनी अंतरात्मा को परखने का एक दिव्य आह्वान है। यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को रोहिणी में महावीर जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कही। समारोह के दौरान विजेंद्र गुप्ता ने पूज्य जैन संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया और दिल्ली के नागरिकों के प्रति उनकी समर्पित सेवा के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। विजेंद्र गुप्ता ने राजकुमार वर्धमान के जीवन को याद करते हुए कहा कि जिन्होंने शाश्वत सत्य के लिए राजसिंहासन का त्याग कर दिया था, उन्होंने ने कहा कि भगवान महावीर ने यह सिद्ध किया कि सच्ची वीरता तलवार की धार में नहीं, बल्कि अपने मन को जीतने और क्रोध, लोभ एवं अहंकार पर विजय प्राप्त करने में निहित है। उन्होंने 'अहिंसा परमो धर्म' को पुनर्व्याख्यायित करते हुए कहा कि अहिंसा कायरता नहीं, बल्कि साहस का शिखर है। उन्होंने कहा कि ₹0केवल मेरा सत्य ही पूर्ण सत्य नहीं है, आपके सत्य में भी प्रकाश की किरण है। उन्होंने उल्लेख किया कि भगवान महावीर ने सदियों पहले हमें प्रकृति का शोषण न करने और अनावश्यक संचय से बचने की शिक्षा देकर वैश्विक जलवायु संकट का समाधान प्रदान कर दिया था। गुप्ता ने कहा कि महावीर जयंती का उत्सव तभी सार्थक होगा जब हम केवल शोभायात्राओं तक सीमित न रहकर उनके सिद्धांतों को जीना शुरू करेंगे।


**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

**इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स (IRSE) के उन अधिकारियों में से सेक्टर विशेषज्ञों के पैनल में शामिल किए जाने हेतु, जो सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड (SAG) या उससे उच्च पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।**

**अधिसूचना संख्याः– डी पी आर पियर रिव्यू/उ.रे./2026** **दिनांकः 29.03.2026**

उत्तर रेलवे द्वारा 22.04.2026 को या उससे पहले, सेक्टर विशेषज्ञों के रूप में पैनल में शामिल करने के लिए **"पीएच–11 और 15 के तहत कार्यों के लिए डीपीआर की सहकर्मी समीक्षा हेतु"** तीन साल की अवधि के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी) या उच्चतर पद से सेवानिवृत्त पात्र आईआरएसई अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **(https://nr.indianrailways.gov.in)** में अधिसूचना में उपलब्ध विधिवत भरा हुआ हस्ताक्षरित आवेदन, विस्तृत प्रारूप, प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

सेक्टर विशेषज्ञों को नियुक्त करने की प्रक्रिया अनुबंध–I में दी गई है, और डी.पी.आर. की पीयर रिव्यू प्रक्रिया अनुबंध–II में दी गई है।

**आवेदन करने की प्रक्रियाः** इच्छुक पात्र अधिकारी अनुलग्नक–बी और सी (संलग्न) के अनुसार निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र के साथ अपने हस्ताक्षरित आवेदन/सीवी जमा करें और इसे निम्नलिखित पते पर भेजें।

अनुबंध–I, II, बी और सी को ऊपर बताए अनुसार उत्तरी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**आयु सीमाः** – नोटिस जारी करने की तिथि को 75 वर्ष से अधिक नहीं

**पताः** मुख्य अभियंता/नि./मुख्यालय, कार्यालय, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, चर्च रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली–06

**ईमेलः– dycectcnr@gmail.com**

**संपर्क विवरणः–** श्री मित्रपाल तंवर, उप मुख्य अभियंता/निर्माण/टी. एवं सी./उ.रे. मो. 9717630243

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1075/26

## सीबीआई की कार्रवाई, चार लाख की रिश्वत लेने का आरोप

# रिश्वतखोरी मामले में नगर निगम का उपायुक्त अरेस्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी को चार लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने अधिकारी की पहचान एमसीडी में शाहदरा उत्तर के उपायुक्त लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा के रूप में की है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली में भ्रष्टाचार को 'कतई बर्दाश्त' नहीं करने की नीति है और इस बाबत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने मिश्रा की ओर से रिश्वत की मांग किये जाने की सूचना मिलने के बाद गिरफ्तारी की कार्रवाई की। इस बारे में अभी और जानकारी नहीं मिल पाई है।

### भ्रष्टाचार नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : रेखा

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट के मुताबिक, गुप्ता ने कहा, हम स्वच्छ और पारदर्शी शासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अडिग हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। उन्होंने कहा कि इस बाबत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई अपवाद नहीं होगा। किसी को कोई संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

### दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : सत्या शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को सीबीआई द्वारा रिश्वतखोरी मामले में दोषी अधिकारी मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संबंधित एजेंसी अपना कार्य कर रही है और जांच प्रक्रिया जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त और ठोस कार्रवाई की जाएगी। सत्या शर्मा ने कहा कि फिलहाल उन्हें इस विषय में विस्तृत जानकारी नहीं है, लेकिन एजेंसी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि उनका लक्ष्य भ्रष्टाचार मुक्त दिल्ली और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करना है। सत्या शर्मा ने आश्वासन दिया कि जांच निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## बारिश व तेज हवा किसानों के लिए बनी आफत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मार्च महीने के अंतिम दिन मंगलवार को भी तेज हवाओं व बारिश के चलते मौसम ने फिर करवट बदली है। जहां आम लोगों के लिए यह बारिश गर्मी से राहत के लिए वरदान है। वहीं दूसरी तरफ प्री मानसून की बारिश दिल्ली देहात सहित एनसीआर के किसानों के लिए आफत वाली बरसात साबित हो रही है। क्योंकि इन दिनों राजधानी सहित पूरे एनसीआर क्षेत्र में गेहूं की फसल पक चुकी है, और कई जगह तो कटाई भी चल रही है। ऐसे में अगर तेज बारिश व तेज हवाएं आने से गेहूं की तैयार खड़ी फसल खराब होने की गुंजाईश कई गुना ज्यादा है। अगर बारिश अधिक हुई तो गेहूं के साथ ही कई मौसमी सब्जियां भी प्रभावित होने से नहीं बचेगी। जाहिर है ऐसे में किसानों के लिए यह बारिश किसी अभिशाप से कम नहीं है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अभी और बारिश होने की भविष्यवाणी की है, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें और गहरी हो गई है। आईएमडी के अनुसार मंगलवार को दिल्ली में सुबह से ही मौसम सुहावना बना रहा। दोपहर बाद से आसमान पर गहरे काले बादलों ने आना शुरू किया और फिर दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश शुरू हो गई। वहीं दूसरी तरफ निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि मार्च के बाद अब अप्रैल में भी बरसात का सिलसिला चलता रहेगा। अनुमान है कि आने वाली 3 से 10 अप्रैल के बीच रुक-रुक कर बारिश जारी रहेगी। ऐसे में गत वर्षों की भांति अप्रैल के पहले पखवाड़े में लू चलने की संभावना लगभग नहीं के बराबर कही जा सकती है। दिल्ली में एक अप्रैल से अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना है, खासकर शाम और रात के समय बारिश वाला मौसम सक्रिय रहेगा। दिन में आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहेगा और हल्की हवाएं चलेंगी। हालांकि 2 अप्रैल को मौसम साफ रहने की उम्मीद की जा सकती है। इसके बाद 3 अप्रैल से प्री-मानसून बारिश की गतिविधियां बढ़ेगी और थोड़ी तेज बरसात भी हो सकती है।

## उपराज्यपाल ने कमला नगर का किया दौरा

# महिलाएं ईमेल के माध्यम से भेजे अपनी शिकायतें



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने मंगलवार को कमला नगर मार्केट के दौरे के दौरान महिलाओं से ईमेल के माध्यम से अपनी शिकायतें भेजने का आग्रह किया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। उत्तरी दिल्ली स्थित कमला नगर मार्केट में, स्थानीय लोगों के साथ बातचीत में उपराज्यपाल ने कहा कि उन्होंने कई महिलाओं द्वारा जताई गई चिंताओं पर गौर किया और उनसे ईमेल भेजने का आग्रह किया, जिसमें उनके नाम और फोन नंबर हों, ताकि अधिकारी उनसे संपर्क कर सकें। संधू ने कहा कि पहले प्रतिक्रियाओं की समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद शिकायतकर्ताओं से संपर्क किया जाएगा और मुद्दों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठकें की जाएंगी। संधू ने अपने छात्र जीवन को भी याद किया और बताया कि वह अक्सर कमला नगर आया करते थे। उन्होंने बताया कि वह एक बेल्ट खरीदने और स्थानीय जायके का आनंद लेने गए थे, लेकिन वहां के निवासियों से बातचीत करने में ही उनका समय बीत गया। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास लोगों से सीधे बातचीत करना, उनकी चिंताओं को समझना और उन्हें हल करने की पूरी कोशिश करना है।

### एमसीडी उपायुक्त का रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जाना भाजपा की अंदरूनी लड़ाई का नतीजा : भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने उत्तरी जोन के उपायुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जाने को भाजपा के अंदर चल रही अंदरूनी महाभारत का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा कि निगम में भाजपा दो गुटों में बंट गई है। एक गुट ने दूसरे गुट को कमजोर करने के लिए डीसी को रंगेहाथ रिश्वत लेते पकड़वाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं की सिफारिश पर आईएएस अफसरों को सिर्फ लूट के लिए डेपुटेशन पर जोनों में डीसी लगाया जाता है। ये भ्रष्टाचार एक जोन तक सीमित नहीं है, बल्कि हर जोन में डीसी स्तर पर करोड़ों का भ्रष्टाचार चल रहा है। जहां से पैसा मिल जाता है, वहां घर नहीं तोड़ते हैं और जहां नहीं मिलता है, उनका तोड़ दिया जाता है। सौरभ ने कहा कि दोनों गुट एमसीडी में अपनी पकड़ मजबूत करने को लेकर आपस में भी लड़ रहे हैं। ऐसे में एक गुट अपने विरोधी गुट को कमजोर करने के लिए हर कोशिश कर रहा है। उत्तरी जोन के डीसी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा जाना इसी का परिणाम है। एक गुट ने अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए डीसी को जानबूझ कर पकड़वाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी का दिल्ली की जनता से कोई सरोकार नहीं रह गया है। एमसीडी में बैठे भाजपा के लोग सिर्फ अपना हित साधने में जुटे हैं।

### निगम ने 30 अप्रैल तक बढ़ाई संपतिकर योजना की अवधि

**नई दिल्ली।** संपत्ति कर माफी योजना (सुनियो) की अवधि 30 अप्रैल, 2026 तक बढ़ा दी गई है और सभी पात्र संपत्ति करदाताओं से आग्रह है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए सूनियो योजना के अंतर्गत अपने बकाया कर का निपटान करें। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने मंगलवार को यह घोषणा करते हुए बताया कि नागरिकों से प्राप्त सकारात्मक प्रतिक्रिया और सराहना को देखते हुए ऐसा कदम उठाया गया है। महापौर ने आगे कहा कि हम सभी संपत्ति मालिकों/अधिभोगियों से अपील करते हैं कि वे इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं ।

### 'विधवा पेंशन सत्यापन 15 अप्रैल तक पूरा किया जाए'

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने अपने जिला कार्यालयों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस) के लाभार्थियों का सत्यापन 15 अप्रैल तक मोबाइल-आधारित 'डिजिटल एप्लिकेशन' का उपयोग करके पूरा करने का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोमवार को जारी आदेश में, सत्यापन की प्रक्रिया को ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार 'डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट' एप के माध्यम से 15 अप्रैल तक पूरा करने को कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के तहत सत्यापन प्रक्रिया शुरू की गई है, ताकि लाभार्थियों का व्यवस्थित और समयबद्ध प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जा सके। जिला अधिकारियों को इस प्रक्रिया को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा लागू की गई एक गैर-अंशदायी पेंशन योजना है। इसका उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे आने वाले परिवारों की विधवाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। इस योजना के तहत, 40 से 79 वर्ष की आयु की विधवाओं को 300 रुपये प्रतिमाह और 80 वर्ष या उससे अधिक आयु की विधवाओं को 500 रुपये प्रति माह की पेंशन प्रदान की जाती है।

### दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग ने एमसीडी आयुक्त को किया तलब


**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में धीरे धीरे पैर पसार रही ठेकेदारी के विरोध के चलते दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग की तरफ से दिल्ली नगर निगम आयुक्त को गत 18 मार्च 2026 को संबंधित जानकारी देने के मामले में पत्र लिखा था। परंतु अभी तक आयोग में आयुक्त कार्यालय से किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त न होने एवं गम्भीर मामला होने के कारण अब आयोग ने अपनी प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निगम आयुक्त को नोटिस जारी किया है और उन्हें 10 अप्रैल को आयोग में तलब किया है। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष संजय गहलोत ने बताया कि पिछले पखवाड़े से निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों में ठेकेदारी प्रथा को लेकर हडक्रम्प मचा हुआ है चूंकि कुछ प्राइवेट सफाई कर्मचारी प्रत्येक ज़ोन में कार्य कर रहे हैं और इससे कर्मचारियों में आक्रोश है। इसके चलते उन्हें अपनी रोजी रोटी का खतरा नज़र आ रहा है।

### एमसीडी स्थायी समिति की बैठक में 9 सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण, पद से निवृत्त

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति से मंगलवार को 18 में से नौ पार्षद पद निवृत्त कर दिए। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में हुई स्थायी समिति बैठक में 12 वार्ड समितियों से चुने गए एक-एक सदस्य को पद निवृत्त करने की प्रक्रिया शुरु की गई। इस दौरान डीएमसी एक्ट के अनुसार 9 सदस्यों को ड्रा के माध्यम से पद निवृत्त किया। सबसे पहले वार्ड समितियों से चुन कर आए सदस्यों की पर्ची निकाली गई। ड्रा में आप पार्षद अंकुश नारंग, भाजपा के पार्षद शिखा भारद्वाज, इंद्रजीत सहरावत, नीमा भगत, राजपाल सिंह व अंजू देवी की पर्ची निकली, वहीं सदन में चुने गए छह सदस्यों में से तीन सदस्यों के ड्रा में आप के मोहम्मद आमिल मलिक व मोहिनी और भाजपा के पंकज लूथरा की पर्ची निकली। स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि डीएमसी एक्ट के अनुसार प्रथम वर्ष ड्रा के माध्यम से सदस्यों को पद निवृत्त किया जाता है, जबकि इसके बाद प्रत्येक वर्ष 50 प्रतिशत सदस्य स्वतः पद निवृत्त हो जाते हैं। स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि स्थायी समिति में सदन से रिक्त हुए तीन पदों के लिए अगले माह महापौर एवं उपमहापौर के चुनाव के साथ चुनाव कराया जाएगा। वहीं, वार्ड समितियों से रिक्त हुए छह पदों के लिए संबंधित समितियों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के साथ चुनाव आयोजित होंगे। इसके बाद स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा।

### स्थायी समिति की बैठक कर की लोकतंत्र की हत्या: नारंग

नई दिल्ली। भाजपा के निगम नेताओं ने नियम विरुद्ध एमसीडी स्थायी समिति की बैठक कर लोकतंत्र की हत्या की है। एमसीडी की स्थायी समिति की बैठक से 72 घंटे पहले सभी सदस्यों को नोटिस देना अनिवार्य है, लेकिन नहीं दिया गया। मंगलवार को इस बैठक को लेकर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने निगम नेताओं पर यह गंभीर आरोप लगाकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सोमवार को भी भाजपा ने बिना मिनट्स दिए स्थायी समिति की बैठक करने की कोशिश की थी और मंगलवार को फिर वही किया। अंकुश नारंग ने कहा कि ड्रॉ के जरिए स्थायी समिति के 9 सदस्य सेवानिवृत्त हुए, जिसमें सदन से चुने 6 में से 2 और वार्डों से चुने 12 में से एक सदस्य 'आप' का है।



## एलपीजी की कालाबाजारी पर सख्तप्रशासन सख्त

# 9 एफआईआर , 56 सिलेंडर पकड़े गए अनावश्यक स्टॉक नहीं

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कविता सिंह परिहार ने बताया कि गत दिवस कुल. 28093 घरेलू गैस सिलेंडर को उपभोक्ताओं में वितरित किए गए है। मांग अनुसार हर दिन शत प्रतिशत सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है। मांग और आपूर्ति में कोई अन्तर नहीं है। ऐसे में उपभोक्ता को पैनिक की स्थिति से बचते हुए अनावश्यक स्टॉकिंग से बचने की सलाह दी जाती है। वे अनावश्यक लाइन में न लगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारु रूप से जारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक स्टॉक न करें। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों की नियमित निगरानी की जा रही है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कविता सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की मांग के अनुसार 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सोमवार को पूरे जिले में एलपीजी सिलेंडर मांग के अनुरूप सफलतापूर्वक उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि सप्लाई चेन पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित हो रही है और किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं है। जिले में गैस सिलेंडरों के स्टॉक की भी कोई कमी नहीं है।



### मांग अनुसार हर दिन शत प्रतिशत सप्लाई

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कविता सिंह परिहार ने बताया कि गत दिवस कुल. 28093 घरेलू गैस सिलेंडर को उपभोक्ताओं में वितरित किए गए है। मांग अनुसार हर दिन शत प्रतिशत सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है। मांग और आपूर्ति में कोई अन्तर नहीं है। ऐसे में उपभोक्ता को पैनिक की स्थिति से बचते हुए अनावश्यक स्टॉकिंग से बचने की सलाह दी जाती है। वे अनावश्यक लाइन में न लगे।

उन्होंने बताया कि जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक फरीदाबाद विभाग की गठित टीमों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला फरीदाबाद के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। जिसमें घरेलू गैस सिलेंडर का दुरूपयोग पाए जाने पर 30 मार्च तक आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कुल 9 एफआईआर दर्ज की गई। जिसमें ओल्ड फरीदाबाद थाना में 2 एफआईआर, भूपानी थाना में 1 एफआईआर, सेक्टर.31 थाना में 1 एफआईआर, पल्ला थाना में 1 एफआईआर, बीपीटीपी थाना में 2 एफआईआर, सारन थाना में 1 एफआईआर व बल्लभगढ़ सदर थाना में 1 एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जिसमें कुल 56 सिलेंडर पकड़े गए। इसके अतिरिक्तविभाग द्वारा 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त भी किए हैं और आगे भी इस बारे चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

### अनियमितता की सूचना मिलने पर प्रशासन को अवगत कराए

इसके अतिरिक्त बल्लभगढ़ क्षेत्र के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी अजीत सिंह मोबाइल नंबर पर तथा एनआईटी फरीदाबाद क्षेत्र के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी विनय मुद्गल मोबाइल नंबर 8168792654 को भी सीधे सूचना दी जा सकती है। उन्होंने आमजन से अपील की है यदि कहीं भी एलपीजी की कालाबाजारी या अनियमितता की सूचना मिले तो तुरंत प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## खबर संक्षेप

### पार्षद सैनी स्थापना दिवस कार्यक्रम के सहसंयोजक



**फरीदाबाद।** भाजपा ने अपने छह अप्रैल को स्थापना दिवस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए पूरे हरियाणा में जिला टोलियों का गठन किया है। इसी कड़ी में मनोनीत पार्षद जसंवत पंवार सैनी को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में टोली का सहसंयोजक बनाया गया है।

### कोलोरेक्टल कैंसर के प्रति जागरूकता में कमी



**गुरुग्राम ।** भारत में पाचन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिसका मुख्य कारण तेज़ जीवनशैली, अस्वस्थ खान-पान व लंबे समय तक बैठकर काम करने की आदतें हैं। पाचन समस्याओं के बढ़ते मामलों के बावजूद, कोलोरेक्टल कैंसर जैसे गंभीर जठरांत्र रोगों के प्रति जागरूकता अभी भी कम है।

### चेन चोरी दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** गले से सोने की चेन चुराने के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की गिरफ्तार किया है। एक महिला ने थाना आदर्श नगर में शिकायत दी थी कि 16 जनवरी को वह बल्लभगढ़ से अपने घर जाने के लिए ऑटो में बैठी थी। ऑटो में उसके साथ दो अन्य महिलाएं भी सवार थीं। घर पहुंचने पर उसे पता चला कि उसके गले से सोने की चेन चोरी हो चुकी है।

### फरुखनगर में एक युवक की पीट पीट कर हत्या



**गाजियाबाद।** फरुखनगर में एक युवक की पीट पीट कर हत्या कर दी गई। मृतक युवक की उसकी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। 30 मार्च को सुलह-समझौते की बात कहकर ससुराल पक्ष के लोग युवक को साथ लेकर टीलामोड़ के लिए निकले। रास्ते मे ही युवक की हत्या कर दी गई।

## जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों और एजेंसी के जिला प्रबंधकों को प्रशिक्षण

# हरियाणा में 1 अप्रैल से 15 मई तक रबी खरीद, मंडियों में व्यवस्था चाक चौबंद

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि रबी खरीद 2026.27 के मद्देनजर प्रदेश की अनाज मंडियों को तैयार कर लिया गया है। मंडी परिसर में साफ -सफाई और किसान भाइयों की सुविधा का खास ख्याल रखा जा रहा है। इस बाबत जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों और एजेंसी के जिला प्रबंधकों को विशेष तौर से प्रशिक्षण दिया गया...

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

हरियाणा में रबी खरीद 2026-27 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार 1 अप्रैल से हरियाणा में रबी की सरकारी खरीद का आगाज होना है। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि रबी खरीद 2026.27 के मद्देनजर प्रदेश की अनाज मंडियों को तैयार कर लिया गया है। मंडी परिसर में साफ -सफाई और किसान भाइयों की सुविधा का खास ख्याल रखा जा रहा है। इस बाबत जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों और एजेंसी के जिला प्रबंधकों को विशेष तौर से प्रशिक्षण दिया गया है।

नागर ने बताया कि मंडियों में बायोमेट्रिक आधारित खरीद होगी, प्रक्रिया को सरल करने के लिये राज्य सरकार द्वारा स्वयं किसान या उनके द्वारा मनोनीत 3 नॉमिनियों में से केवल एक का ही बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के कारण उसे खुद खेत छोड़कर आना नहीं होगा। इसके अलावा सभी मंडी स्थानों की जिओ फेंसिंग की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी गेट पास, नीलामी, जे फंड बनाने और लिफ्टिंग से संबंधित गतिविधियां केवल मंडी परिसर के भीतर की जाएं। इसके लिए मंडी के जिओ फेंस किए गए क्षेत्र के भीतर उपस्थिति को सत्यापित किया जाता है। जिससे राज्य के किसान की फसल को कोई अन्य व्यक्ति किसान के नाम पर फर्जी तरीके से बेच न सके।

**खास बातें**

- 3 नॉमिनियों में से केवल एक का ही बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य
- समग्र, वाहन के फोटो के साथ वाहन नंबर देना होगा



### पोर्टल पर पंजीकृत उपज की पूर्ण खरीद की जाएगी

किसानों को गेट पास जारी करते समग्र, वाहन के फोटो के साथ-साथ वाहन नंबर देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसलिये मण्डी में फसल लेकर आने वाले वाहनों पर नम्बर प्लेट न होने पर किसान अपने वाहन पर पेंट या हाथ से एक कागज पर लिख कर भी चिपका कर आ सकता हैं, उसे भी मान्य किया गया है। साथ ही निकास गेट पास केवल तभी जारी किया जा सकता है, जब संबंधित वाहन मंडी के जियो-फेंस किए गए क्षेत्र के भीतर मौजूद हो। उन्होंने बताया कि सभी भंडारण स्थलों की जियो फेंसिंग यह सुनिश्चित करती है कि खाद्यान्नों की गोदामों में प्राप्ति तभी हो सकेगी, जब वाहन भौतिक रूप से भंडारण स्थल के जियो.फेंस किए गए क्षेत्र के भीतर मौजूद हो। राज्य के किसान जो मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत है, से उनकी उपज की पूर्ण खरीद की जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों द्वारा घोषित भूमि पर उगी फसल के सत्यापन के लिए उपग्रह छवि आधारित प्रणाली शुरू की है। राजस्व और जिला कृषि अधिकारियों के सत्यापन के साथ-साथ, तीसरे स्तर के सत्यापन के रूप में हीट मैप्स का उपयोग किया जाता है।

## ब्लूमून सोसायटी में

# दुबई की लॉजिस्टिक कंपनी के मैनेजर की गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गाजियाबाद



यहां राजनगर एक्सटेंशन स्थित ब्लूमून सोसायटी में एक 40 वर्षीय शख्स की टावर से नीचे गिरकर मौत हो गयी। मृतक शख्स रघुकुल तिलक दुबई की एक लॉजिस्टिक कंपनी में मैनेजर थे और उसके नोएडा स्थित कार्यालय में कार्यरत थे। पुलिस शुरुआती जांच में इसे आत्महत्या मान रही है।नंदग्राम थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का फॉरेंसिक टीम के साथ निरीक्षण किया। हालांकि, मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

### ई-टॉवर में गए और कुछ देर बाद नीचे गिर गए

एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने मंगलवार को बताया कि घटना सुबह करीब 10 बजे की है। मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले रघुकुल तिलक ब्लूमून सोसायटी के सी-टॉवर में पिता तरुण कुमार सिंह और माता अनुपमा के साथ रहते थे। वह रोज की तरह सुबह करीब साढ़े नौ बजे घर से ऑफिस जाने के लिए निकले थे। वह अपने टॉवर से नीचे उतरे और करीब 10 से 15 मिनट तक वहीं रुके रहे। इसके बाद वह ई-टॉवर में गए और कुछ देर बाद नीचे गिर गए। तेज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन अधिक ऊंचाई से गिरने के कारण रघुकुल की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के अनुसार, सोसायटी में सीसीटीवी कैमरों की संख्या कम है।

### मोबाइल से मृतक की पहचान

पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है, जिसे जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा जा रहा है। साथ ही कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) भी निकलवाया जा रहा है, ताकि घटना से पहले उनकी गतिविधियों की जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया है कि रघुकुल की शादी करीब पांच वर्ष पहले हुई थी। आपसी विवाद के चलते वह पिछले तीन वर्षों से पत्नी से अलग रह रहे थे और करीब छह माह पहले दोनों का तलाक हो गया था। पुलिस इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है।

## जान बचाने वाले

# फायर कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण नहीं दे रही सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए भवीचन्द शर्मा और रणवीर सिंह के मुद्दे पर हरियाणा सरकार द्वारा 16 फरवरी से अब तक कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने पर कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा की शाखा हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन ने सरकार के इस सौतेले व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए 8 व 9 अप्रैल को दो दिवसीय राज्य व्यापी हड़ताल का ऐलान किया है।

यह जानकारी देते हुए यूनियन के राज्य प्रधान राजिन्दर सिन्द व महासचिव गुलशन भारद्वाज ने बताया कि भवी चंद शर्मा व रणवीर को शहीद का दर्जा देने, 1-1 करोड़ रुपए आर्थिक राशि देने, परिवार के एक सदस्य को नियमित नौकरी देने व फायर कर्मियों की न्यायोचित मांगों के समाधान के लिए 10 मार्च से फायर यूनियन की राज्य कमेटी का जत्था लगातार प्रदेश के सभी जिलों के दमकल केंद्रों पर जनसंपर्क अभियान चला रहा है।

जनसम्पर्क अभियान के तहत ाज्य कमेटी के पदाधिकारियों ने दूसरी बार सेक्टर-15 स्थित दमकल केंद्र पर कर्मचारियों के साथ बैठक कर 8 व 9 अप्रैल को होने वाली राज्य स्तरीय हड़ताल की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान राज्य कार्यकारिणी सदस्य रामपाल शर्मा और जय प्रकाश भी उपस्थित रहे। बैठक में शामिल नियमित व अनियमित सभी दमकल कर्मचारियों ने एकजुट होकर हड़ताल में भाग लेने का संकल्प लिया।

नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार शहीद दमकल कर्मचारियों की मांगों और यूनियन के मांग पत्र को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। फायर महानिदेशक द्वारा बार-बार वार्ता की तिथि बदलना इस बात का संकेत है कि सरकार समाधान नहीं चाहती और कर्मचारियों को मजबूरन हड़ताल की ओर धकेला जा रहा है।

## अपराध शाखा ऊंचा गांव टीम की कार्रवाई

# हेल्थ सप्लिमेंट चोरी मामले में गाड़ी चालक व साथी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने गाड़ी से हेल्थ सप्लिमेंट के डिब्बे चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनकी पहचान बिलाल व नफीश निवासी सबरस, जिला नूंह के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार विजेन्द्र निवासी गांव छपार, जिला झज्जर, थाना सराय ख्वाजा में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह भौडाकलां क्षेत्र में हेल्थ सप्लिमेंट का कार्य करता है।

**आरोपियों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया**

13 अक्टूबर 2025 को उसने एक गाड़ी किराये पर लेकर 254 बॉक्स में हेल्थ सप्लिमेंट का सामान लोड कर फरीदाबाद स्थित एक फर्म अपोलो हेल्थ कॉरपोरेशन में भेजा था। 14 अक्टूबर को जब सामान उतारकर गिनती की गई तो कुछ बॉक्स में से सप्लिमेंट के डिब्बे गायब पाए गए।

## ट्रांसपोर्टर्स के साथ समन्वय बैठक

# यातायात व्यवस्था सुधारने और नो-एंट्री टाइमिंग पर बनी सहमति



**चालकों के व्यवहारिक कठिनाइयों से संबंधित चर्चा**

बैठक के दौरान ट्रांसपोर्टर्स द्वारा अपनी प्रमुख समस्याएं सांझा की गईं, जिनमें भारी वाहनों के प्रवेश-निषेध समय (नो.एंट्री टाइमिंग), पार्किंग स्थलों की कमी, लोडिंग-अनलोडिंग के लिए उपयुक्त स्थानों की व्यवस्था तथा चालकों को आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों से संबंधित मुद्दे शामिल रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त यातायात जयबीर सिंह द्वारा शहर के विभिन्न परिवहन (ट्रांसपोर्टर) संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में बढ़ते यातायात दबाव, भारी वाहनों की आवाजाही, पार्किंग व्यवस्था तथा निर्धारित समय (नो.एंट्री टाइमिंग) के अनुपालन से संबंधित समस्याओं का समाधान करना रहा। इस बैठक में शहर के प्रमुख ट्रांसपोर्ट यूनियन एवं ट्रांसपोर्ट कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण गुप्ता पुत्रः बिरजू गुप्ता पताः मकान नं. 277, ब्लॉक 9, दक्षिणपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No.338/2015 U/s 12 D.V. Act, थानाः कल्याणपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No.338/2015 U/s 12 D.V. Act, थानाः कल्याणपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करण गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 12.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका कंसल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी(महिला कोर्ट)–02
कोर्ट नं. 24
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4144/ED/2026 (Court Matter)

## अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की हरियाणा प्रदेश की बैठक

# बच्चों की शिक्षा, संस्कार एवं मार्गदर्शन पर दिया गया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की हरियाणा प्रदेश की विस्तारित कार्यकारिणी बैठक का भव्य आयोजन चौधरी नत्थू सिंह सरपंच के यहां किया गया। बैठक में समाज के प्रमुख राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों तथा गणमान्य नागरिक की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही ।

प्रदेश अध्यक्ष सांवरमल गुर्जर की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय सचिव कृष्ण कुमार गुर्जर के संचालन किया, जबकि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैसला की विशेष रूप से उपस्थिति रही। उन्होंने गुर्जर समाज की एकता, संगठन और भविष्य की दिशा को लेकर अपने विचार रखें, बच्चू सिंह बैंसला ने कहा कि आज के समय में समाज को एकजुट रहकर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में आगे बढने की आवश्यकता है और खासतौर पर बच्चों की शिक्षा, संस्कार एवं मार्गदर्शन पर विशेष जोर दिया।




### समाज को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया

इस अवसर पर फरीदाबाद से मलखान सिंह चपराना जिला अध्यक्ष व उनकी संगठन टीम के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी पदाधिकारी जिसमें जसवीर नागर, बिल्लू पहलवान, समर नागर, सूबेदार रंजीत, सरपंच संजय अधाना, सूबेदार सुरेंद्र डेढ़ा सभी सभी वशिष्ठ लोगों को जिले की जिम्मेवारी दी गई और नियुक्ति पत्र दिए गए, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने सराहा और समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए जरूरी कदम बताया। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया और संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने गुर्जर समाज के विकास, एकता और सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर काम करने की शपथ ली।बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल कसाना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीएन सिंह, राष्ट्रीय मंत्री डॉ0 मनोज कटारिया, राष्ट्रीय मंत्री राजकुमार, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर बी एस रावत, क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश कृष्णपाल गुर्जर, वरिष्ठ समाजसेवी नत्थू सिंह सरपंच, गीता गुर्जर मुजफ्फरनगर, आत्माराम, राय सिंह पंचकुला, प्रोफेसर बंशीलाल, मलखान सिंह चपराना अध्यक्ष फरीदाबाद, कैप्टन गूगन सिंह भिवानी, रविन्द्र दोराता गुरुग्राम, बिट्टू पहलवान फतेहाबाद, राजपाल लौहमोड़ हांसी, तेजपाल सिंह लोहिया, राजकुमार कोहली कैथल, दूरीचंद सरपंच, नरेन्द्र वेदी, प्रेम सिंह गराथी, बलराज सिंह गराथी, लायकराम सरपंच, अशोक पार्षद, सूबेदार रामफूल सिंह, छत्रसिंह नम्बदार, रणजीत सिंह, सतपाल प्रधान, संतोष प्रधान, सतीश बैंसला, अमरीश रावत, राजकुमार प्रधान, सोविंदर पहलवान एवं महेश घोड़ारोप आदि मौजूद रहे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी प्रदीप, पुत्रः** राम चंदर **पताः** झुग्गी नंबर 102, विजय विहार, **दिल्ली, IR No. 175/18, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप, दिल्ली, IR No. 175/18, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर पश्चिम कमरा नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3252/RD/2026
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### बिहार में चूहे, गिलहरी मारने वाली दवा पर रोक



**पटना।** बिहार में चूहे, गिलहरी आदि को मारने वाली दवा रेटॉल पेस्ट पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसकी ऑफलाइन, ऑनलाइन बिक्री नहीं हो सकेगी। लोगों को भी इसका उपयोग न करने की अपील की है। खेतों में अक्सर चूहे, गिलहरी और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले जीव-जंतुओं को मारने के लिए इस दवा का इस्तेमाल किया जाता है। कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव ने आदेश जारी करते हुए इसकी बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया।

### गेहूं के साथ चना, सरसो पर भी एमएसपी बढ़ा



**लखनऊ।** योगी सरकार ने यूपी के किसानों को बड़ी खुशखबरी दी है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रबी के दलहनी-तिलहनी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होने वाली सरकारी खरीद का खुलासा करते हुए बताया कि इस बार चने का एमएसपी 5875 प्रति कुंतल, मसूर का 7000 प्रति कुंतल, सरसों का 6200 रुपए प्रति कुंतल और अरहर का 8000 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

### भगैया सिल्क' के जीआई टैग का रास्ता साफ



**गोड्डा।** झारखंड क्राफ्ट और नाबार्ड की पहल से गोड्डा के भगैया सिल्क को जीआई टैग मिलने का रास्ता साफ हुआ है। भगैया सिल्क से जुड़े 20 हजार से अधिक बुनकरों को जीआई टैग से प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह प्रीमियम तसर सिल्क बेहतरीन बनावट व प्राकृतिक चमक के लिए जाना जाता है।

## अब कवच की 'ढाल' में रेल सफर

# रेलवे में 1 अप्रैल से शुरू होगी आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था हादसों पर लगेगा ब्रेक, 213 कवच सिस्टम आवंटित

पूर्वोत्तर रेलवे में एक अप्रैल से ट्रेनों में कवच सुरक्षा प्रणाली लगाई जाएगी, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। यह सिस्टम टकराव की स्थिति में स्वतः ब्रेक लगाता है और आसपास की ट्रेनों को रोक देता है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे कवच सिस्टम (स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली) लगाने का काम बुधवार एक अप्रैल से शुरू करने जा रहा है। रेलवे की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे को 213 कवच सिस्टम आवंटित भी कर दिए गए हैं।

रेलवे के अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले सीतापुर-बुढ़वल रेल रूट पर स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली विकसित की जाएगी। इस सुविधा से ट्रेन हादसों का खतरा काफी कम हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर बाराबंकी से छपरा के बीच टावर



लगाने का काम भी तेजी से चल रहा है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि छह महीने में ट्रायल भी हो जाएगा।

### पूर्वोत्तर रेलवे ने टॉवर लगाने का काम हो रहा

पूर्वोत्तर रेलवे को मिले 213 कवच में से गोरखपुर लोको शेड को 60, गोंडा लोको शेड को 95 और सैदपुर लोको शेड को 58 उपकरण दिए गए हैं। जानकारों का कहना है कि पूर्वोत्तर रेलवे का बाराबंकी से गोरखपुर होकर छपरा रेल रूट जल्द ही कवच से लैस होगा। लगभग 438 किमी लंबे इस ट्रैक को मंजूरी मिलने के बाद पूर्वोत्तर रेलवे ने टॉवर लगाने का काम हो रहा है। इसमें गोरखपुर से बस्ती के बीच 20 टावर लगा भी दिए गए हैं।

### ऑडियो-वीडियो के माध्यम से अलर्ट

इस तकनीक में एक ही ट्रैक पर ट्रेनों के टकराने की स्थिति आने से पहले ही दोनों ट्रेनों में ऑटोमेटिक ब्रेक लगने के साथ पांच किलोमीटर के दायरे में मौजूद सभी ट्रेनों का संचालन भी बंद हो जाएगा। यह सिस्टम ब्रेक, हार्न, थ्रोटल हैंडल आदि की मॉनिटरिंग करता है। लोको पायलट से कोई चूक होने पर कवच पहले ऑडियो-वीडियो के माध्यम से अलर्ट करेगा और रेड सिग्नल पार होते ही ट्रेन में अपने आप ब्रेक लग जाएगी।

### सुरक्षित यात्रा का नया युग शुरू

गौरतलब है कि भारतीय रेलवे ने सुरक्षा और तकनीकी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है! इससे सफर को और भी सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जाएगा। योजनाओं के तहत 548 किमी कवच प्रणाली का विस्तार किया जाएगा, जो ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम है। यह न केवल हमारी यात्रा को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि संचार नेटवर्क को भी आधुनिक बनाएगा।

## योगी सरकार में एक्सपोर्ट को मिली रफ्तार

# नवंबर 2025 तक यूपी के निर्यात ने पार किया 1.31 लाख रु. करोड़ का आंकड़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर तक कुल निर्यात 1,31,328 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.08% अधिक है।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निर्यात के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य सरकार की उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन नीतियों के चलते प्रदेश का निर्यात न केवल दोगुना हुआ है, बल्कि वैश्विक बाजार में 'मेड इन यूपी' की मजबूत पहचान भी बनी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर तक प्रदेश का कुल निर्यात 1,31,328 करोड़ तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,18,223.91 करोड़ की तुलना में 11.08 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो वर्ष 2016-17 में जहां प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 1.86 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

**खास बातें**

- योगी सरकार की नीतियों से निर्यात में 11.08% की वृद्धि
- आईटी/ आईटीईएस निर्यात 82 हजार करोड़ रुपए पार पहुंचा



### अग्रणी निर्यातक राज्यों में मजबूत उपस्थिति दर्ज

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बनाई गई दूरदर्शी नीतियों, सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश के अनुकूल माहौल और निर्यातकों को दी जा रही सुविधाओं ने प्रदेश को निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। आज उत्तर प्रदेश तेजी से देश के अग्रणी निर्यातक राज्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।'लोकल टू ग्लोबल' की सोच को साकार करते हुए प्रदेश के उत्पाद वैश्विक बाजार में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। आने वाले समय में यह रफ्तार और तेज होने की संभावना है।

### बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर

निर्यात को नई गति देने के लिए बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया है। लखनऊ व ग्रेटर नोएडा में स्थापित अत्याधुनिक एक्सपो मार्ट न केवल प्रदेश के निर्यातकों को वैश्विक बाजार से सीधे जोड़ रहे हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए यूपी को प्रमुख ट्रेड हब के रूप में स्थापित कर रहे हैं। भदोही में विकसित 'भदोही कार्पेट बाजार पारंपरिक कालीन उद्योग को नई ऊर्जा दे रहा है।

### निवेश अनुकूल माहौल का परिणाम

आईटी और आईटीईएस सेक्टर में भी योगी सरकार की नीतियों का स्पष्ट असर देखने को मिला है। वर्ष 2015 में जहां सूचना प्रौद्योगिकी/ आईटीईएस निर्यात 15 हजार करोड़ था, वह 2024-25 में बढ़कर 82 हजार करोड़ से अधिक हो गया है। यह सेवा क्षेत्र में तेजी से हो रहे विस्तार और निवेश अनुकूल माहौल का परिणाम है। प्रदेश सरकार 'लोकल टू ग्लोबल' की अवधारणा को मजबूती देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के 77 उत्पादों को जीआई (ज्योग्राफिकल इंडिकेशन) पंजीकरण प्राप्त हो चुका है, जबकि 152 अन्य उत्पाद इस दिशा में अग्रसर हैं। इससे पारंपरिक और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान और मूल्य दोनों मिल रहे हैं।

## बिहार से उठा लाई यूपी एसटीएफ

# सीएम योगी की मां पर अभद्र कमेंट करने वाला गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स ने बिहार के पूर्णिया जिले से मौलाना अब्दुल्ला सलीम को गिरफ्तार कर लिया। मूल रूप से अररिया के रहने वाले मौलाना ने एक धार्मिक सभा में गौकशी कानूनों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां और गौमाता के प्रति अभद्र टिप्पणी की थी। इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बलरामपुर और बहराइच समेत कई जिलों में केस दर्ज हुए। यूपी पुलिस की कई टीमें अलर्ट पर थीं और सादी वर्दी में पहुंची एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से मौलाना को हिरासत में ले लिया।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग की थी

मौलाना की इन टिप्पणियों के कारण बलरामपुर, बस्ती, सीतापुर और कानपुर सहित कई जिलों में विरोध प्रदर्शन हुए, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग की। भाजपा विधायक सुरेंद्र दिलेर ने भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की थी, जिसमें उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ सकता है। सांसद बने रवि किशन ने भी इन टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा था कि भारतीय संस्कृति में मां को सर्वोच्च सम्मान प्राप्त है और ऐसे बयान अस्वीकार्य हैं। वीएचपी नेताओं ने भी इस भाषण को भड़काऊ और सांप्रदायिक शांति भंग करने में सक्षम बताते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।

### अपहरण की अफवाह और विधायक की एंट्री

रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिरफ्तारी के दौरान मौके पर काफी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी। सादी वर्दी में आए पुलिसकर्मियों द्वारा मौलाना को ले जाते देख स्थानीय लोगों को लगा कि यह अपहरण की घटना है। मामला तब शांत हुआ जब स्थानीय विधायक ने थाने से संपर्क किया। विधायक ने पुष्टि की कि यह कानूनी कार्रवाई है और उन्होंने परिवार को कानून पर भरोसा रखने को कहा।





# अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style

# कुब्रा
## खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।



हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।



# तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रेडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



# मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



# मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

टीवी मसाला



# नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरुनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।

## सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत



**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।'लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।

# 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का'की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



## 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।

## फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का'एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

# रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण'की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण'की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।'लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।



## सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।



## दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

## कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

# अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

### आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

### कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।*



### अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

### दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

‘युवा विधायक सम्मेलन’ बना भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को दिशा देने वाले विचार मंथन का एक महत्वपूर्ण मंच

# युवा विधायकों ने लिया जनसेवा, समर्पण और नवाचार की योजना से विकसित भारत के निर्माण का ऐतिहासिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा प्रांगण में आयोजित ‘युवा विधायक सम्मेलन’ भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को दिशा देने वाले विचार मंथन क एक महत्वपूर्णमंच बना।

सम्मेलन के पहले दिन मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के युवा जनप्रतिनिधियों ने सेवा, समर्पण और नवाचार की योजना व रणनीति के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया। मध्यप्रदेश के विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, महेश परमार, गौरव परिधि, अरविंद पटेरिया, राजस्थान की विधायक डॉ. शिखा मील बराला, छत्तीसगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे आदि ने अपने विचार रखे।



विधानसभा में आयोजित 2 दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन में मध्यप्रदेश , छत्तीसगढ़ और राजस्थान के युवा विधायकों के साथ सीएम।

## जनता से निरंतर जुड़े रहना चाहिए: जयवर्धन सिंह

मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को सदन के साथ-साथ अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता से निरंतर जुड़े रहना चाहिए। सीमित संसाधनों में विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बेहतर समन्वय तथा समिति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया।

## तकनीकी शिक्षा और डिजिटल विस्तार को देना होगा बढ़ावा: खुशवंत सिंह

छत्तीसगढ़ के विधायक खुशवंत सिंह ने कहा कि युवाओं को रोजगार खोजने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने के लिए तकनीकी शिक्षा और डिजिटल विस्तार को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

## आज कई जनप्रतिनिधि ‘रबर स्टैंप’ बनकर रह गए: रविंद्र सिंह भाटी

राजस्थान के शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने युवाओं से राजनीति में आगे आने की अपील करते हुए कहा कि मेहनत से ही जगह बनती है और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नई पीढ़ी की भागीदारी जरूरी है। भाटी ने कहा कि आज कई जनप्रतिनिधि ‘रबर स्टैंप’ बनकर रह गए हैं, इसलिए पढ़े-लिखे और जागरूक नेताओं की जरूरत है ताकि 2047 के विकसित भारत का लक्ष्य पूरा हो सके।

## सिद्धार्थ कुशवाह ने पूछा: क्या जनता का विश्वास हमारे साथ है?

सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाह ने कहा कि 2047 में आजादी के 100 साल पूरे होंगे, उसके पहले भारत अपने कदमों पर खड़ा हो जाए, यह हम सब देशवासियों और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। आज जो लोकतंत्र की स्थिति है, उससे कई बार यह लगता है कि 2047 तक हमारा लोकतंत्र बचेगा या नहीं?। जिस तरह लोकतंत्र की मंडी हर चुनाव में लगाई जाती है, चुनाव जीतने के लिए ऐसे प्रयास किए जाते हैं, जिनको देखकर कई बार रोंगटे खड़े हो जाते हैं। आज देश के लोकतंत्र की जो स्थिति है, क्या जनता का विश्वास हमारे साथ है?।

## जनता और शासन के बीच सेतु बने विधायक: वासुदेव देवनानी

राजस्थान विस के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में जो कठिनाई आती हैं, उनसे नई परिस्थितियों का निर्माण होता है। विरोध तार्किक प्रक्रिया होनी चाहिए। हमारा प्रतिनिधित्व सार्थक सेवा की ओर बढ़े। हम पूरा समय सदन में बैठने का स्वभाव बनाएं। देवनानी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का मुख्य दायित्व जनता और शासन के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब जनता, विधायिका और शासन की प्रक्रियाओं के बीच पारदर्शिता और सहभागिता बढ़े। उन्होंने कहा कि विधायक केवल चुनाव जीतने तक सीमित न रहें, बल्कि अपने अध्ययन, चिंतन और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के माध्यम से समाज के विकास में सक्रिय योगदान दें।



## सशक्त लोकतंत्र के लिए सशक्त जनप्रतिनिधि आवश्यक: विजयवर्गीय

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रजातंत्र जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए शासन है। अतः लोकतंत्र के सशक्त होने के लिए जनप्रतिनिधि का सशक्त होना आवश्यक है। विधायक होना बहुत महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है, विधायक बड़ी जनसंख्या की आशाओं, आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनकी दुख, तकलीफों, अपेक्षाओं को वाणी प्रदान करते हैं। विधायकगण अपने क्षेत्र का प्रबंधन कैसे करते हैं, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने विधायकों को संयत व्यवहार रखने, जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए निराकरण की ठोस कोशिश करने, कार्यालय में संवेदनशील और सक्रिय स्टाफ रखने, अद्यतन डिजिटल तकनीकों के उपयोग में समय के साथ चलने की सलाह दी। सस्ती लोकप्रियता के लिए की गई गतिविधियां दीर्घकालिक दृष्टि से लाभकारी नहीं होती हैं।

राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने उपलब्ध करा रही है सहयोग और मार्गदर्शन

# एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों के केंद्र के साथ परिवारों के स्वावलंबन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। मप्र भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मप्र की थीम पर मुख्यमंत्री निवास में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है।

**मुख्यमंत्री ने की एमएसएमई इकाइयों को 169 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित**

**स्टार्टअप को अनुदान और उद्यमियों को प्रदान किए भू-आवंटन पत्र**



सीएम ने एमएसएमई इकाइयों के खाते में प्रोत्साहन राशि अंतरित की।

## अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मुख्यमंत्री को लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत हितलाभ वितरण भी किए। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मार्च क्लोजिंग का वातावरण है, ऐसे में राज्य सरकार की ओर से एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों को राशि और सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## सभी क्षेत्रों में हो रही है प्रगति: मंत्री कश्यप

प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभाग में डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं। वर्तमान में प्रदेश में 7100 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं। कार्यक्रम में एमएसएमई इकाई के संचालक, उद्यमी और बड़ी संख्या में स्टार्ट-अप्स मौजूद रहे।

## युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं, यह प्रधानमंत्री मोदी की कुशल नीतियों से ही संभव है।

# दिव्यांगजन कल्याण एवं सशक्तिकरण से जुड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करना सरकार की प्राथमिकता है। दिव्यांगजनों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत विचार विमर्श और राज्य में संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मप्र सरकार की ओर से राज्य स्तरीय दिव्यांगन सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है। राज्य स्तरीय दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड की



बैठक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में संचालनालय, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, भोपाल में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सोनाली पोंक्षे वायंगणकर, निःशक्तजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विशेष सहायता निधि स्थापित करने और उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का प्रस्ताव रखा गया।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र के ढेलवाडीह बस्ती क्षेत्र का मामला

## मासूम बच्चे से अश्लील हरकत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र के ढेलवाडीह बस्ती में एक शराबी युवक की अमानवीय हरकत सामने आई है। गांव में रहने वाले 26 वर्षीय सीमन लाल कंवर ने पांच साल के मासूम बच्चे के साथ यह कृत्य किया।

घटना के समय आरोपी शराब के नशे में धुत था। पांच साल का मासूम बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान गांव में रहने वाला 26 वर्षीय सीमन लाल कंवर शराब के नशे में धुत था। उसने खेल रहे मासूम बच्चे को अपने पास बुलाया। इसके बाद आरोपी ने बच्चे के गुप्तांग पर अश्लील हरकत की। कुछ देर बाद सीमन लाल कंवर ने नाखून से उसके गुप्तांग को छील दिया। बच्चा दर्द से चीखने-पुकारने लगा। रोने की आवाज सुनकर घर वाले और आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों को देखते ही आरोपी युवक वहां से भाग खड़ा हुआ। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती मासूम बच्चे की हालत गंभीर थी, जिसे तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के दौरान उसकी हालत गंभीर बताई। उसे तत्काल दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों ने इस घटना की शिकायत मानिकपुर चौकी पुलिस से की है।

आरोपी गिरफ्तार, गिरौदपुरी पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला

## प्रेमी ने दिया धोखा, युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां प्रेम संबंध में धोखा मिलने के बाद एक युवती ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना गिरौदपुरी पुलिस चौकी क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, मृतिका और आरोपी अजय टंडन के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। आरोप है कि युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर संबंध बनाए, लेकिन जब युवती ने उससे शादी की बात की तो उसने साफ इनकार कर दिया। इस घटना से मानसिक रूप से आहत युवती ने 25 जनवरी 2026 को अपने घर में ही कलाई काट ली और कीटनाशक का सेवन कर लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि परिजन युवती को गंभीर हालत में पहले कसडोल और फिर बलौदाबाजार के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान 1 फरवरी 2026 को युवती ने दम तोड़ दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। पूछताछ में आरोपी ने शादी का झांसा देकर संबंध बनाने और बाद में मुकर जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

40 हथियार सौंपे, नक्सल विरोध अभियान की सफलता को दर्शाता है समर्पण

## कांकेर में दो और दंतेवाड़ा में पांच नक्सलियों ने छोड़े हथियार, मुख्यधारा में की वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री की समय सीमा के अंतिम दिन 31 मार्च को कांकेर जिले में दो नक्सलियों ने समर्पण किया। इसके अतिरिक्त, दंतेवाड़ा जिले में भी पांच नक्सलियों ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में वापसी की है। दंतेवाड़ा में पांच नक्सलियों ने 40 हथियार भी जमा करवाये हैं। यह घटनाक्रम बस्तर में नक्सल विरोधी अभियानों की सफलता को दर्शाता है।

कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि पिछले सात दिनों में कुल 11 नक्सली कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में 31 मार्च को पीपीसीएम शंकर और पीएम हिडमा डोडी ने भी मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया। शासन की पुनर्वास नीति के तहत एक कैडर ने एके 47 के साथ आत्मसमर्पण किया है। समर्पण करने वाले नक्सलियों ने बताया कि इलाके में सक्रिय अन्य नक्सली कैडरों से भी चर्चा हुई है। वे भी



मुख्यधारा में शामिल होने की बात कह रहे हैं, और उन्हें लाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस प्रशासन इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। यह समर्पण अभियान क्षेत्र में शांति स्थापित करने में सहायक होगा।

**शेष बचे नक्सलियों से सरेंडर करने की अपील:** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पट्टलिंगम ने पिछले तीन दिनों में मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आगे आए इन सभी 11 नक्सली कैडरों के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने शेष बचे कुछ नक्सली कैडरों से एक बार फिर हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील दोहराई। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि नक्सली कैडरों के पास आत्मसमर्पण और पुनर्वास का विकल्प चुनने के लिए अब केवल कुछ ही घंटे शेष हैं। उन्हें इस अवसर का उपयोग करके अपने हिंसक अतीत को त्यागना चाहिए। उन्हें सामान्य, शांतिपूर्ण और सम्मानजनक जीवन अपनाना चाहिए। 25 मार्च से 31 मार्च तक मुख्यधारा में शामिल होने वाले इन सभी 11 नक्सली कैडरों ने पुनर्वास का मार्ग चुना है। उनकी सामाजिक मुख्यधारा में पुनः एकीकरण की कार्रवाई पूरी प्रक्रिया होने के बाद आयोजित की जाएगी। दंतेवाड़ा में पांच नक्सलियों ने भी मुख्यधारा में शामिल होकर नक्सलियों की खोखली विचारधारा को त्याग दिया है। दो जिलों कांकेर और दंतेवाड़ा में कुल सात नक्सलियों ने सरेंडर किया।


यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04209/04210 वाराणसी – दिल्ली जं. – वाराणसी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में तीन दिन) — 76 फेरे**

| गाड़ी सं. 04209 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04210 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:15 | वाराणसी | 09:50 | ---- |
| 13:30 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 19:25 |

चलने के दिन: **04209 वाराणसी** से प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को दिनांक 15.04.2026 से 20.05.2026 एवं 27.05.2026 से 15.07.2026 तक और **04210 दिल्ली जं.** से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को दिनांक 16.04.2026 से 21.05.2026 एवं 28.05.2026 से 16.07.2026 तक।
ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, रामपुर, मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04203/04204 लखनऊ – नई दिल्ली – लखनऊ आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04203 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04204 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | ---- |
| 18:30 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 20:20 |

चलने के दिन: **04203 लखनऊ** से और **04204 नई दिल्ली** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 20.04.2026 से 13.07.2026 तक।
ठहराव: बालामऊ जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04213/04214 अयोध्या छावनी – आनंद विहार (ट.) – अयोध्या छावनी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (द्वि–साप्ताहिक) — 48 फेरे**

| गाड़ी सं. 04213 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04214 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:20 | अयोध्या छावनी | 22:00 | ---- |
| 00:48 | 00:50 | बरेली जं. | 13:03 | 13:05 |
| 06:00 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 09:00 |

चलने के दिन: **04213 अयोध्या छावनी** से प्रत्येक रविवार व गुरुवार को दिनांक 16.04.2026 से 17.05.2026 एवं 28.05.2026 से 12.07.2026 तक और **04214 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को दिनांक 17.04.2026 से 18.05.2026 एवं 29.05.2026 से 13.07.2026 तक।
ठहराव: बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04010/04009 दिल्ली जं. – सीतामढ़ी – दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04010 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04009 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:10 | ---- |
| 23:30 | ---- | सीतामढ़ी | ---- | 01:00 |

चलने के दिन: **04010 दिल्ली जं.** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 16.04.2026 से 09.07.2026 तक एवं **04009 सीतामढ़ी** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 17.04.2026 से 10.07.2026 तक।
ठहराव: गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04052/04051 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 24 फेरे**

| गाड़ी सं. 04052 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04051 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | ---- |
| 23:40 | ---- | हावड़ा जं. | ---- | 01:40 |

चलने के दिन: **04052 नई दिल्ली** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 17.04.2026 से 15.05.2026 एवं 29.05.2026 से 10.07.2026 तक और **04051 हावड़ा जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 19.04.2026 से 17.05.2026 एवं 31.05.2026 से 12.07.2026 तक।
ठहराव: गाजियाबाद, अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**04062/04061 दिल्ली जं. – भागलपुर – दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04062 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04061 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:45 | दिल्ली जं. | 20:10 | ---- |
| 13:30 | ---- | भागलपुर | ---- | 16:30 |

चलने के दिन: **04062 दिल्ली जं.** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 तक और **04061 भागलपुर** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 तक।
ठहराव: अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुल्तानगंज स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**02275/02276 सूबेदारगंज – शकूरबस्ती – सूबेदारगंज विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (द्वि–साप्ताहिक) — 16 फेरे**

| गाड़ी सं. 02275 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02276 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:35 | सूबेदारगंज | 04:00 | ---- |
| 10:15 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 13:00 |

चलने के दिन: **02275 सूबेदारगंज** से प्रत्येक रविवार व मंगलवार को दिनांक 05.04.2026 से 28.04.2026 तक और **02276 शकूरबस्ती** से प्रत्येक सोमवार व बुधवार को दिनांक 06.04.2026 से 29.04.2026 तक।
ठहराव: फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ़, गाजियाबाद एवं दिल्ली जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**08743/08744 दुर्ग – हरिद्वार जं. – दुर्ग विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे**

| गाड़ी सं. 08743 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08744 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:00 | दुर्ग | 03:00 | ---- |
| 17:30 | ---- | हरिद्वार जं. | ---- | 18:55 |

चलने के दिन: **08743 दुर्ग** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 19.04.2026 से 28.06.2026 तक एवं **08744 हरिद्वार जं.** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 20.04.2026 से 29.06.2026 तक।
ठहराव: रायपुर जं., भाटापारा, उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुडवारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., धौलपुर, आगरा छावनी, मथुरा जं., कोसी कलाँ, हज़रत निज़ामुद्दीन, मेरठ सिटी एवं रूड़की स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04652/04651 अमृतसर – जयनगर – अमृतसर हमसफ़र विशेष एक्सप्रेस रेल सेवा की परिचालन अवधि में विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. | से | तक | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की प्रस्तावित अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|
| 04652 | अमृतसर | जयनगर | 29.03.26 तक | 01.04.26 से 15.07.26 | 46 |
| 04651 | जयनगर | अमृतसर | 31.03.26 तक | 03.04.26 से 17.07.26 | 46 |

**रेलगाड़ी सं. 05736/05735 कटिहार – अमृतसर – कटिहार विशेष एक्सप्रेस रेल सेवा की परिचालन अवधि में विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. | से | तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की प्रस्तावित अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05736 | कटिहार | अमृतसर | बुधवार | 25.03.26 तक | 01.04.26 से 27.05.26 | 09 |
| 05735 | अमृतसर | कटिहार | शुक्रवार | 27.03.26 तक | 03.04.26 से 29.05.26 | 09 |

**रेलगाड़ी सं. 05736/05735 कटिहार – अमृतसर – कटिहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का निम्नलिखित स्टेशनों पर संशोधित समय–सारणी**

| गाड़ी सं. 05736 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05735 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:00 | कटिहार | 23:45 | ---- |
| 22:07 | 22:09 | शाहजहाँपुर | 00:19 | 00:21 |
| 23:05 | 23:10 | बरेली | 23:07 | 23:09 |
| 00:25 | 00:33 | मुरादाबाद | 21:45 | 21:50 |
| 02:08 | 02:10 | लक्सर जं. | 20:08 | 20:10 |
| 02:30 | 02:32 | रुड़की | 19:43 | 19:45 |
| 04:00 | 04:05 | सहारनपुर जं. | 19:00 | 19:08 |
| 09:45 | ---- | अमृतसर | ---- | 13:25 |

नोट: अन्य सभी विवरण यथावत रहेंगे।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा होगी और बेहतर

देश के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दशकों तक 'लाल आतंक' के नाम से पहचाने जाने वाला नक्सलवाद अब खत्म हो चुका है। नक्सवादियों के सभी बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं, या उन्होंने इस विचारधारा को छोड़कर सरेंडर कर दिया है। अब जल, जंगल और जमीन की और बेहतर सुरक्षा हो सकेगी। नक्सलवाद का खात्मा सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। अब ऐसे क्षेत्रों में विकास के नए द्वार खुलेंगे, जहां लाल आतंक से लोग त्रस्त थे। इन क्षेत्रों में अब शिक्षा का स्तर सुधरेगा, बच्चों की खेलों में गतिविधियां बढ़ेंगी और सामाजिक तथा आधारभूत ढांचे का विकास होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, 31 मार्च 2026 की निर्धारित समयसीमा से पहले ही भारत से नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है। यदि यह दावा जमीनी हकीकत से मेल खाता है, तो यह केवल सुरक्षा की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिहाज से भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद की शुरुआत 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुई थी। यह आंदोलन मूलतः जल, जंगल और जमीन पर अधिकार की मांग से जुड़ा था, जिसमें आदिवासी और वंचित वर्गों की आवाज शामिल थी। समय के साथ यह आंदोलन हिंसक रूप लेता गया और देश के कई हिस्सों में सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गया। रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले क्षेत्रों में वर्षों तक विकास की रफ्तार थमी रही और आम जनजीवन भय के साए में रहा। हाल के वर्षों में सरकार द्वारा अपनाई गई बहुआयामी रणनीति ने इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई है। होल ऑफ गवर्नमेंट दृष्टिकोण के तहत सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों मोर्चों पर एक साथ काम किया गया। सुरक्षा बलों के आक्रामक अभियानों के साथ-साथ सड़क, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, बिहार के साथ आंध्र प्रदेश (सीमावर्ती इलाके), केरल, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो इस बदलाव का संकेत है। हालांकि, इस उपलब्धि को अंतिम समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। इतिहास बताता है कि किसी भी विचारधारा को केवल सैन्य कार्रवाई से पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता, जब तक उसके मूल कारणों को संबोधित न किया जाए। यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि क्या जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों का स्थायी समाधान हो पाया है? क्या आदिवासी समुदायों को उनके अधिकार पूरी तरह मिल रहे हैं? क्या विकास की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई है? यदि इन सवालों के जवाब संतोषजनक नहीं हैं, तो नक्सलवाद भले ही समाप्त हो जाए, लेकिन असंतोष की नई जमीन तैयार हो सकती है। सरकार के सामने अब असली चुनौती "पोस्ट-नक्सल" दौर को संभालने की है। जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां अब स्कूलों की घंटियां, खेल के मैदानों की चहल-पहल और रोजगार के अवसरों की उम्मीद सुनाई देनी चाहिए। स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतना सबसे बड़ी कुंजी है। यदि उन्हें लगे कि उनकी आवाज सुनी जा रही है और उनके संसाधनों पर उनका अधिकार सुरक्षित है, तभी यह बदलाव स्थायी हो सकेगा। नक्सलवाद के खत्म होने को एक नए भारत की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए। जहां सुरक्षा के साथ-साथ न्याय और समानता भी सुनिश्चित हो।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# महंगाई के बेकाबू होने के आसार

> भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।

ईरान के अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे संघर्ष के बावजूद सरकार ने 25 मार्च को तय किया कि महंगाई की सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम रहेगी। हालांकि, मौजूदा परिदृश्य में इस लक्ष्य को हासिल करना सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बहरहाल, यह अधिसूचना, अर्थात लचीला मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण (एफआईटी) ढांचा, 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस ढांचे को 1 अक्टूबर 2016 में लागू किया गया था। इस ढांचे की हर 5 वर्षों में समीक्षा की जाती है।

पिछली बार इसे मार्च 2021 से मार्च 2026 तक के लिए लागू किया गया था। भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। साथ ही, इस व्यवस्था के अंतर्गत मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की स्थापना की गई थी, जिसमें रिजर्व बैंक के तीन अधिकारी और तीन बाहरी सदस्य होते हैं और मौद्रिक नीति की ब्याज दर को मतदान के बहुमत से तय करते हैं। तत्पश्चात, रिजर्व बैंक मौद्रिक समीक्षा के फैसले की घोषणा करता है। महंगाई का स्तर मांग और आपूर्ति के संतुलन पर निर्भर करता है। जब लोगों के पास अधिक पैसा होता है तो वे अधिक वस्तुएं खरीदते हैं, जिससे मांग बढ़ती है। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है तो कीमतें बढ़ेंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है तो महंगाई घट जाती है। वर्तमान में युद्ध के कारण, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें तेज़ी से बढ़ रही हैं, जिसके कारण भारत में भी पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इनकी कीमतों में और वृद्धि हो सकती है क्योंकि भारत अपने आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा रूस, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका, यूएई, कतर, रूस, ऑस्ट्रेलिया आदि से आयात करता है और वर्तमान में इन देशों से भारत में आपूर्ति सामान्य नहीं है। सरकार और रिजर्व बैंक ने महंगाई की निर्धारित सीमा को बनाए रखने का निर्णय लिया है। यह मानते हुए कि आधार वर्ष में बदलाव से इस सीमा पर कोई दबाव नहीं पड़ेगा और यह निर्धारित स्तर पर कायम रहेगी। 12 फरवरी से सरकार ने महंगाई का मापन आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस नए आधार वर्ष में कई पुरानी वस्तुओं को उनकी अप्रासंगिकता के कारण हटा दिया गया है, और नई वस्तुओं को जोड़ा गया है। साथ ही, खाद्य वस्तुओं का भार घटाया गया है और कुछ गैर-खाद्य वस्तुओं का भार जोड़ दिया गया है, जिनका आमतौर पर महंगाई पर प्रभाव पड़ता है। अभी सामान्यतः महंगाई में वृद्धि का कारण खाद्य कीमतों का बढ़ना माना जाता है, लेकिन नए आधार में खाद्य पदार्थों का भार महंगाई के मामले में कम कर दिया गया है। इसलिए, यह माना जा रहा है कि लंबे समय तक युद्ध के चलते महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम के स्तर पर अक्षुण्ण बनी रहेगी। मुद्रास्फीति को मापने के लिए ऐसी वस्तुएं और सेवाएं चुनी जाती हैं, जो इसकी वृद्धि में सबसे अधिक योगदान देती हैं। इन वस्तुओं को




उनके महत्व के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में वज़न दिया जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर माह खुदरा महंगाई का आकलन सीपीआई सूचकांक से करता है, जिसमें वे वस्तुएं और सेवाएं शामिल हैं, जिनका रोज़मर्रा के जीवन में अधिक उपयोग होता है, जैसे कि खाद्य, वस्त्र, आवास, ईंधन और स्वास्थ्य सेवाएं।

नए आधार वर्ष के अंतर्गत ऐसी वस्तुएं और सेवाएं भी जोड़ी गई हैं, जिन पर अब लोग अधिक खर्च कर रहे हैं, जैसे कि स्मार्टफ़ोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। साथ ही, अब नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाएं, ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म, हवाई टिकट, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं, शॉपिंग की कीमतें, और ग्रामीण इलाकों में मकान के किराए को भी सूचकांक में शामिल किया गया है। अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने के बाद भारत में नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर वृद्धि की है। वहीं, होटल-रेस्टोरेंट ग्राहक से सरकारी टैक्स के साथ एलपीजी चार्ज भी वसूल कर रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस पर रोक लगाई है, लेकिन जमीनी स्तर पर इस रोक का कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपये की कटौती की है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये कर दी गई है, जबकि डीजल पर 10 रुपये से शून्य कर दी गई है, ताकि पेट्रोल और डीजल की कीमतें न बढ़ें।

अमेरिका और इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपये प्रति लीटर तक घाटा हो रहा है, जिसे तेल कम्पनियां जल्द ही आमजन पर डाल देंगी। आमतौर पर जब तेल की कीमत बढ़ती है तो परिवहन की लागत बढ़ती है, साथ ही वस्तुओं की कीमत में भी इजाफा होता है। हालांकि, जानकारों के अनुसार सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में कटौती केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में आगामी चुनावों के मद्देनजर ली गई है और चुनाव के खत्म होने के तुरंत बाद सरकार एक्साइज ड्यूटी में कटौती को वापस ले सकती है। ईरान, इज़राइल और अमेरिका के मौजूदा रुख से ऐसा लगता है कि हाल फिलहाल में यह जंग रुकने वाली नहीं है और लंबे समय तक इस युद्ध के जारी रहने पर कच्चे तेल के साथ-साथ कई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला भी बाधित हो सकती है। उल्लेखनीय है कि भारत दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाली कई वस्तुओं का आयात दूसरे देशों से करता है, इसलिए नए आधार वर्ष में महंगाई की गणना करने वाली वस्तुओं में बदलाव करने के बाद भी महंगाई में अभूतपूर्व इजाफा होने की संभावना है। एक अनुमान के अनुसार भारत में 2026 तक महंगाई दर बढ़कर 4.6% तक पहुँच सकता है, जो पहले 3.9% के आसपास रहने की उम्मीद थी।

यह भारतीय रिजर्व बैंक की स्वीकार्य सीमा के अंदर है, लेकिन रुपया के लगातार कमज़ोर होने से महंगाई पर दबाव और भी बढ़ सकता है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नई दिशा
ममता कुशवाहा



# डिजिटल युग में जनगणना बदलाव की बुनियाद


भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को समझने का एक सशक्त माध्यम है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना, जो विभिन्न कारणों से विलंबित रही, अब एक नए स्वरूप में आरंभ होने जा रही है। यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक है, न केवल इसलिए कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, बल्कि इसलिए भी कि इसमें पहली बार जातीय आंकड़ों को व्यवस्थित रूप से संकलित किया जाएगा। यह पहल भारत के प्रशासनिक ढांचे, नीति-निर्माण और सामाजिक समझ को एक नई दिशा देने की क्षमता रखती है। डिजिटल जनगणना का सबसे बड़ा लाभ इसकी गति और सटीकता में निहित है। पारंपरिक कागज-आधारित प्रणाली में जहां आंकड़ों के संग्रह, संकलन और विश्लेषण में वर्षों लग जाते थे, वहीं डिजिटल माध्यम इस पूरी प्रक्रिया को कहीं अधिक त्वरित और त्रुटिहीन बना सकता है। मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपकरणों के माध्यम से डेटा सीधे केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा, जिससे मानवीय भूलों की संभावना न्यूनतम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह प्रणाली पारदर्शिता को भी बढ़ाएगी और डेटा के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करेगी। इस जनगणना की एक विशेषता यह भी है कि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

यह न केवल नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रशासनिक बोझ को भी कम करेगा। हालांकि, इसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। लोगों को अपनी जानकारी पूरी ईमानदारी और सावधानी से भरनी होगी, क्योंकि यह डेटा न केवल वर्तमान नीतियों के निर्माण में सहायक होगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी बनेगा। जनगणना आयुक्त द्वारा दी गई गोपनीयता की गारंटी इस प्रक्रिया में विश्वास को मजबूत करती है, जिससे लोग बिना किसी भय के अपनी जानकारी साझा कर सकेंगे। जनगणना को दो चरणों में पूरा करने का निर्णय भी एक महत्वपूर्ण बदलाव है। पहले चरण में घरों की सूचीकरण और आवास से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पहलुओं का विवरण लिया जाएगा। यह विभाजन न केवल प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाएगा, बल्कि डेटा के विश्लेषण को भी अधिक सटीक और उपयोगी बनाएगा। इससे सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में लक्षित योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास। इस जनगणना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू जातीय आंकड़ों का संकलन है। स्वतंत्र भारत में यह पहली बार होगा, जब जातियों का विस्तृत विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की सामाजिक संरचना की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी, जो अब तक केवल अनुमान और अधूरी जानकारी पर आधारित रही है। वर्ष 1931 के बाद से जातिगत जनगणना नहीं हुई है, इसलिए वर्तमान में विभिन्न जातीय समूहों के संख्याबल और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में स्पष्ट और प्रमाणिक आंकड़ों का अभाव है। ऐसे में यह जनगणना कई मिथकों और धारणाओं को तोड़ने का कार्य कर सकती है। हालांकि, जातीय जनगणना के साथ कुछ चिंताएं भी जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ी आशंका यह है कि इन आंकड़ों का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए किया जा सकता है।

भारत में पहले से ही जाति आधारित राजनीति का प्रभाव देखा गया है और यदि इन आंकड़ों का दुरुपयोग हुआ तो यह सामाजिक विभाजन को और गहरा कर सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार इन आंकड़ों की व्याख्या कर सकते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार इस दिशा में ठोस नीतिगत उपाय करे, ताकि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग केवल विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाए। जनगणना का मूल उद्देश्य देश की जनसंख्या की संरचना, उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझना है, ताकि प्रभावी नीतियां बनाई जा सकें। यह किसी भी प्रकार के संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति का साधन नहीं होना चाहिए। यदि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग सही दिशा में किया जाए, तो यह देश के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिशा में सरकार, प्रशासन और नागरिकों, तीनों की जिम्मेदारी है कि वे इस प्रक्रिया को सफल बनाएं और इसके उद्देश्यों को सही दिशा में ले जाएं। यदि ऐसा होता है तो यह जनगणना न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य के भारत के निर्माण में भी एक मजबूत आधारशिला साबित होगी।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूंगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत-अमरीका व्यापार समझौते की अहमियत

भारत और अमरीका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (2026) ऐसे समय में उभरकर सामने आया है, जब भारत एक ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी को विस्तार देने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर अपनी कृषि-आधारित सामाजिक-आर्थिक संरचना की रक्षा करने की अनिवार्य चुनौती का सामना कर रहा है। फरवरी 2026 में घोषित अंतरिम रूपरेखा ने जहां भारतीय निर्यातकों के लिए अमरीकी बाजार में नए अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं सस्ते अमरीकी कृषि उत्पादों के संभावित आयात ने देश के करोड़ों किसानों के बीच चिंता और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। भारत को ऐसा समझौता करना चाहिए जिससे व्यापार संतुलन ठीक हो जाए। – *श्रीकांत पाटिल, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### 'गेट ऑफ टीयर्स' बन सकता है नया वैश्विक संकट बिंदु

वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार पर पश्चिम एशिया संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य पर पहले से बने दबाव के बीच अब एक और अहम समुद्री मार्ग 'बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य' को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह जलडमरूमध्य जल्द ही एक नए वैश्विक तनाव केंद्र के रूप में उभर सकता है, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। 'होर्मुज जलडमरूमध्य' दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस के परिवहन का प्रमुख मार्ग है। ईरान ने खुद पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस मार्ग को बंद कर दिया है जिससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। इसी बीच, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि अब बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य भी संकट का केंद्र बन सकता है। दरअसल, 28 मार्च को यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागीं। यह कदम ईरान-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद पहली बार उठाया गया है। यमन, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के एक किनारे पर स्थित है और हूती पहले भी लाल सागर में जहाजों पर हमले कर चुके हैं, जिससे 2023 और 2024 में समुद्री यातायात बाधित हुआ था।



## ऑफ बीट

### रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं – जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।



## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर उद्योग

भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग विभिन्न राज्यों में फल-फूल रहा है, जिससे अनगिनत युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इन प्रयासों को और अधिक व्यापक बनाने के लिए हम सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 पर काम कर रहे हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### केरल की नर्सें

लाखों लोगों के लिए, केरल की नर्सें जीवन के सबसे कठिन क्षणों में सहारा और शक्ति का स्रोत हैं। उन्हीं की बदौलत मैं केरल में शांति से चुनाव प्रचार कर पा रहा हूं, यह जानकर कि दिल्ली में मेरी मां की देखभाल उन्हीं की देखरेख में हो रही है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### समान नागरिक संहिता

सत्ता में वापसी के तीन महीने के भीतर हम असम में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। हमारी बहुआयामी रणनीति में लव जिहाद, लैंड जिहाद, अतिक्रमण और घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी शामिल होगी।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम



### सीबीआई जांच की मांग

एसीबी अब तक झारखंड शराब घोटाले के किसी भी आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल करने में विफल रही है, जिसके परिणामस्वरूप सभी आरोपियों को डिफॉल्ट बेल मिल गई। इसी विषय को लेकर आज राज्यपाल से मिलकर सीबीआई जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





# आरोपपत्र का हर शब्द तथ्यों पर आधारित है, जिन्हें डीएमके और कांग्रेस नकार नहीं सकतेः गोयल

### डीएमके-कांग्रेस गठबंधन उच्च स्तरीय भ्रष्टाचार, खराब कानून व्यवस्था और तमिलनाडु के किसानों के साथ विश्वासघात के लिए जिम्मेदार

### भाजपा ने डीएमके को कठघरे में खड़ा किया, सरकार के खिलाफ जारी किया 'आरोपपत्र'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने मंगलवार को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले डीएमके सरकार के खिलाफ 'आरोपपत्र' जारी किया। केंद्रीय मंत्री और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल और राज्य भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने यह आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि यह चुनाव तमिलनाडु के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित होगा। यह चुनाव डीएमके, कांग्रेस और उनके सहयोगियों के अपवित्र यूपीए गठबंधन को हमेशा के लिए बेनकाब कर देगा, जो तमिलनाडु में अब तक की सबसे खराब सरकारों में से एक है। भाजपा नेता तमिलिसाई सौंदराजन, के अन्नामलाई और अन्य भाजपा नेता भी उपस्थित थे। भाजपा नेता गोयल ने कहा कि आज मैं यहाँ 8 करोड़ तमिल भाइयों और बहनों के सामूहिक दर्द और पीड़ा को साझा करने आया हूँ। आज हम एम.के. स्टालिन और उदयनिधि स्टालिन की भ्रष्ट और पूरी तरह से गैर-जिम्मेदार सरकार के खिलाफ यह आरोपपत्र जारी कर रहे हैं। इस आरोपपत्र का हर शब्द तथ्यों पर आधारित है, जिन्हें डीएमके और कांग्रेस नकार नहीं सकते।

उन्होंने कहा कि यह सरकार एक ही परिवार द्वारा चलाई जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, सांसद कनिमोजी... पूरा परिवार तमिलनाडु राज्य को लूटने में लिप्त है और इसने देश और दुनिया भर में तमिलनाडु की छवि खराब कर दी है। हमें तमिल संस्कृति पर गर्व है। हमें तमिलनाडु के लोगों पर गर्व है। हमें अपनी भाषा पर गर्व है। हमें गर्व है कि यह एक ऐसा राज्य है जिसमें समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए विकास की अपार संभावनाएं हैं, और तमिलनाडु में ईपीएस के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर भी गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से हम तमिल गौरव, तमिल भाषा, तमिल साहित्य, समृद्ध संस्कृति, समृद्ध परंपराओं और सुशासन को वापस ला सकेंगे, जिसकी तमिलनाडु के लोग पिछले पांच वर्षों से कामना कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि तमिलनाडु में पिता-पुत्र की इस सरकार ने तमिल समाज के हर वर्ग के खिलाफ अपराध किए हैं। उन्होंने महिलाओं, बच्चों, दलितों और हिंदुओं के खिलाफ अपराध किए हैं। उन्होंने तमिलनाडु के युवाओं और किसानों को भी नहीं छोड़ा है। वे सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ सकते। वे तमिलनाडु की जनता के गुस्से से बच नहीं सकते।

एनडीए की जीत पर विश्वास जताते हुए गोयल ने दिवंगत जे जयललिता की शासन शैली की वापसी का वादा किया। गोयल ने कहा कि मजबूत एनडीए गठबंधन ने भ्रष्ट डीएमके सरकार को हराने और सत्ता से बेदखल करने का अभियान शुरू कर दिया है। डीएमके-कांग्रेस गठबंधन उच्च स्तरीय भ्रष्टाचार, खराब कानून व्यवस्था और तमिलनाडु के किसानों, मछुआरों, युवाओं और महिलाओं के साथ विश्वासघात के लिए जिम्मेदार है। तमिलनाडु के लोग इस भ्रष्ट सरकार से तंग आ चुके हैं; वे 'अम्मा' (जयललिता) जैसी सुशासन वाली सरकार चाहते हैं। यह चुनाव तमिलनाडु के लोगों का भविष्य तय करेगा। ईपीएस के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन इस चुनाव में विजयी होगा और यहां सुशासन वापस लाएगा। हम सब एक परिवार की तरह मिलकर काम कर रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि तमिलनाडु के लोग उस सुशासन की वापसी देखें। यहां के लोग बदलाव चाहते हैं।

## भाजपा ने चुनाव आयोग से की सीएम ममता की शिकायत, मतदाताओं को डराने का लगाया आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को भंग करने वाले भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया। भाजपा ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर शिकायत में मतदाताओं को डराने-धमकाने के विशिष्ट उदाहरणों का हवाला देते हुए कहा 25 मार्च 2026 को उत्तरी बंगाल के मैनागुड़ी में एक जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर कहा था कि चुनाव के बाद जनता को अपने घरों के बाहर 'मैं भाजपा का समर्थन नहीं करता' लिखे पोस्टर लगाने के लिए मजबूर किया जाएगा। उधर, मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया।

मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में कहा गया, 'महोदय, हम आपका ध्यान उन अत्यंत चिंताजनक सार्वजनिक बयानों और घटनाओं की ओर आकर्षित करना चाहते हैं जो उकसावे, डराने-धमकाने और हिंसा भड़काने के एक सुनियोजित अभियान की ओर इशारा करते हैं। ये बयान चल रही चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं, साथ ही आदर्श आचार संहिता, चुनावी और आपराधिक कानूनों का बार-बार उल्लंघन भी कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य भर में कई सार्वजनिक रैलियों में दिए गए हालिया गंभीर और परेशान करने वाले सार्वजनिक बयान मतदाताओं में भय पैदा करने और उन्हें धमकाने के उद्देश्य से लगातार चिंताजनक बयानबाजी का एक पैटर्न दर्शाते हैं, जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनावों के लिए खतरा पैदा कर रहा है।'

**पत्र में आगे लिखा था, हम नीचे कुछ उदाहरण दे रहे हैं:** 25 मार्च 2026 को उत्तरी बंगाल के मैनागुड़ी में एक सार्वजनिक रैली के दौरान, मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर कहा कि चुनाव के बाद, जनता को अपने घरों के बाहर पोस्टर लगाने के लिए मजबूर किया जाएगा, जिन पर लिखा होगा, 'मैं भाजपा का समर्थन नहीं करता'। इस तरह की टिप्पणियां राजनीतिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मतदाताओं की स्वायत्तता के लिए सीधा खतरा हैं।

### ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा

राज्य में लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया इस बीच, मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर बंगाल की जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ रची जा रही गंभीर साजिश पर गहरी चिंता जताई है। भाजपा के एजेंट पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में हजारों फर्जी फॉर्म 6 आवेदन भेजकर गैर-निवासियों और बाहरी लोगों को बंगाल की मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश करते हुए रंगे हाथों पकड़े गए हैं। यह मतदाता अपहरण का प्रयास है, वही गंदा खेल जो भाजपा ने महाराष्ट्र और दिल्ली में सफलतापूर्वक खेला है।

**सीएम विजयन ने किया पलटवार**

### राहुल बताएं सोना चोर आपके घर तक कैसे पहुंचा?

केरल की सियासत में सबरीमाला स्वर्ण हानि मामला एक बार फिर गरमा गया है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा पलटवार करते हुए सवाल उठाया कि इस मामले का मुख्य आरोपी उनके घर तक कैसे पहुंचा।



विजयन ने कहा कि सबरीमाला स्वर्ण हानि मामले में सवाल उठाने से पहले उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए मुख्य आरोपी उनके परिवार के आवास तक कैसे पहुंचा?

### बंगाल में फर्जी वोटरों से लोकतंत्र पर खतरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर सीएम ममता बेनर्जी



ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की कोशिश की जा रही है।

### पाकिस्तान और लंदन में कितनी संपत्ति है बताएं गोगोईः सरमा

भाजपा नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनसे पाकिस्तान और लंदन



में कथित संपत्तियों का खुलासा करने की मांग की है। घोषणा पत्र लॉन्चिंग के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए हिमंत ने आरोप लगाया कि गोगोई के पास पाकिस्तान और लंदन में संपत्ति है लेकिन उन्होंने इसका विवरण चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे में नहीं दिया है।

**बंगाल में भाजपा-टीएमसी**

### फॉर्म 6 जमा करने को लेकर दोनों पक्ष आए आमने-सामने

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी ने कल रात आरोप लगाया कि भाजपा अवैध तारीखें से फॉर्म 6 जमा कर रहे हैं। भाजपा ने चुनाव आयोग पर नजर रखने के लिए निर्देश भी दिया है। टीएमसी समर्थित बीएलओ ने आरोप लगाया एक आदमी मेदिनीपुर से फॉर्म 6 लेकर आए थे। उन्हें पकड़ा गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि वो कोई पार्टी का समर्थक नहीं था। इसके बाद दोनों पक्ष चुनाव आयोग के दफ्तर के सामने धरने पर बैठ गए।

## बंगाल चुनाव से पहले टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस भाजपा में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विख्यात टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। पेस ने भारत के लिए ओलंपिक पदक और कई ग्रैंड स्लैम जीते हैं और अब राजनीति के



मैदान में अपनी नई पारी खेलने जा रहे हैं। लिएंडर ने इसे अपने जीवन का सबसे खास दिन बताया। उन्होंने कहा, 'यह मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और नितिन नवीन का धन्यवाद करना चाहता हूं। यह मेरे लिए खेल और युवाओं की सेवा करने का बड़ा अवसर है। पश्चिम बंगाल में 294 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनावों से पहले लिएंडर पेस का भाजपा में शामिल होना तृणमूल कांग्रेस के लिए बड़ा झटका भी माना जा रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता किरेन रिजिजू ने कहा, 'लिएंडर पेस का भाजपा परिवार में शामिल होना ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 12 वर्षों में खेल और खिलाड़ियों को लगातार बढ़ावा दिया है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान लिएंडर पेस से मिले थे और इस मुलाकात में सौमिक भट्टाचार्य भी शामिल हुए थे। तभी से ऐसी अटकलें लगा जा रही थीं कि पेस जल्द ही भाजपा से जुड़ सकते हैं। पेस को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने फूलों का एक बुके और भाजपा की सदस्यता वाली पर्ची देकर पार्टी में स्वागत किया। पेस ने बंगाल में खेल सुविधाओं की कमी पर भी खुलकर बात की।

### बिना पर्ची-बिना खर्ची भर्ती हुए कर्मचारी तैयार करेंगे किसानों की रिपोर्ट : मुख्यमंत्री

**तोशाम में उन्नत सिंचाई उत्सव मेले में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत**

# हरियाणा को एक सप्ताह में मिलेंगे 2500 पटवारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं भी किसान का बेटा हूं, मैंने भी खेती की है। किसान को प्राकृतिक आपदा झेलनी पड़ती है। पटवारी व तहसीलदारों ने जो रिपोर्ट भेजी, उस आधार पर मुआवजा दिया। अब एक सप्ताह में 2500 पटवारी गांवों में आएंगे, जो बिना पर्ची खर्ची भर्ती हुए हैं। वह किसानों की तेजी से रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भजेंगे, जिससे किसानों पर समय पर मुआवजा व अन्य योजनाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री भिवानी के तोशाम में आयोजित उन्नत सिंचाई उत्सव में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उन्नत सिंचाई उत्सव मेले का शुभारंभ किया और 2 दिनों तक चलते वाले मेले को तीन दिनों तक चलने की घोषणा की। इस दौरान चौधरी सुरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम ने सुरेंद्र सिंह व पूर्व सीएम बंसीलाल को भी याद किया। सीएम नायब सिंह सैनी ने भिवानी के तोशाम में 107 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

### आपदा में राजनीतिक रोटियां न सेकें विपक्ष

सीएम नायब सैनी ने कहा कि कोई आपदा हो, पीएम मोदी देश के लोगों के साथ खड़े रहते हैं। किसी देश का युद्ध हो, पीएम मोदी वहां से हर भारतीय को सुरक्षित लाते हैं। लेकिन विपक्षी आपदा में भी अवसर ढूंढते हैं और राजनीति करते हैं। विपक्ष राजनीतिक रोटी ना सेकें, लोगों में भ्रम ना फैलाएं। विपक्ष भ्रम फैलाता है, हम पेट्रोल डीजल या गैस की कमी नहीं आने देंगे। कालाबाजारी पर रोक लगाई और एफआईआर दर्ज करवाई। इस स्थिति को देखते हुए गैस पाइपलाइन बिछाने का काम तेजी से किया। वहीं, विपक्ष को गलत बयान बाजी करने की बजाय सहयोग करना चाहिए।सीएम नायब सैनी ने कहा कि तोशाम के लोगों व मिट्टी में सुरेंद्र सिंह का नाम हमेशा रहेगा। उनका व्यक्तित्व महान व जीवन समाजसेवा को समर्पित था। मोदी के नेतृत्व में और लोगों के आशीर्वाद से हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी। पूर्व सीएम बंसीलाल हरियाणा निर्माता थे, उन्होंने विकास की नई इबारत लिखी।

### 107 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

**100 बेड का होगा अस्पताल :** सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए तोशाम के उपमंडल अस्पताल को 50 बेड से बढ़ाकर 100 बेड का जनरल अस्पताल बनाया जाएगा। इसकी विस्तृत फिजिबिलिटी जांच कराकर इसे जल्द से जल्द अपग्रेड करने का काम किया जाएगा।

**कॉलेज में विज्ञान संकाय शुरू होगा** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कैरू राजकीय कॉलेज में विज्ञान संकाय शुरू करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसे शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। इससे हमारे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

**मंडी में किसानों को मिलेगी सुविधाएं**

नायब सैनी ने कहा कि किसानों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई अनाज मंडी, जुई में शेड की मरम्मत, मार्केट कमेटी कार्यालय के लिए नए कमरों का निर्माण तथा अन्य आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। साथ ही मार्केट कमेटी की सड़कों के सुधार का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा।

**गांवों में बनेंगे आधुनिक स्टेडियम**

तोशाम निर्वाचन क्षेत्र के जिन-जिन गांवों में खेल स्टेडियम की आवश्यकता बताई गई है, वहां आधुनिक खेल स्टेडियमों का निर्माण कराया जाएगा। चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल स्टेडियम को अत्याधुनिक खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्र खेल गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र बन सके।

**भूमि का उचित मूल्य देंगे**

सीएम सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि खरीदने का काम कर रही है। अंबाला और नारायणगढ़ में यह प्रक्रिया चल रही है और एक सप्ताह के भीतर यहां भी ई-भूमि पोर्टल शुरू कर दिया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से अपनी भूमि देने पर विचार करें।



### दिशा इंडियन अवार्ड में महिला शक्ति सम्मानित

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नायब सिंह सैनी ने मोहाली, पंजाब में छठे दिशा इंडियन अवार्ड में अलग अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुरुष एवं महिलाओं को सम्मानित किया। दिशा वूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह अवसर उन असंख्य संघर्षों, सपनों और संकल्पों का सम्मान करने का उत्सव है, जिन्होंने समाज को नई दिशा देने का काम किया है। दिशा इंडियन अवॉर्ड्स प्राइड ऑफ नेशन जैसा यह आयोजन उस भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता है, जो नारी शक्ति के दम पर आगे बढ़ रहा है, जो समर्पण और सेवा के मूल्यों को अपना आधार बना रहा है।

### भगवान महावीर के संदेश मानवता को सदैव प्रेरित करते रहेंगेः मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** संत कबीर कुटीर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान महावीर के उपदेश अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और आत्मसंयम आज भी प्रासंगिक हैं और मानव को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के संदेश समाज में शांति, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर हम एक बेहतर और समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं।




**ग्रीन अमोनिया एग्रीमेंट**

### ऊर्जा सुरक्षा और उर्वरक आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम : नड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत फर्टिलाइजर सेक्टर के लिए ग्रीन अमोनिया एग्रीमेंट (कुल 11 प्रोजेक्ट) का आदान-प्रदान केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा तथा केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी की उपस्थिति में हुआ।



उर्वरक विभाग, भारत सरकार ने क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन (स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण) और डीकार्बनाइजेशन (कार्बन कम करने) की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। फ़र्टिलाइज़र कंपनियों और ग्रीन अमोनिया बनाने वाली कंपनियों के बीच ग्रीन अमोनिया खरीदने और ग्रीन अमोनिया सप्लाई करने के समझौते किए गए हैं। ये समझौते नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया प्रोजेक्ट्स के संचालन में एक बहुत महत्वपूर्ण कदम हैं।

इस अवसर पर उर्वरक विभाग के सचिव रजत कुमार मिश्र, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव संतोष कुमार सारंगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उर्वरक कंपनियों के सीएमडी व सीइओ और ग्रीन अमोनिया उत्पादक कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। एग्रीमेंट साइनिंग समारोह के दौरान, केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि ग्रीन अमोनिया एग्रीमेंट का यह आदान-प्रदान सस्टेनेबल फर्टिलाइज़र प्रोडक्शन की दिशा में भारत की यात्रा में एक ऐतिहासिक कदम है। ग्रीन अमोनिया को अपनी सप्लाई चेन में शामिल करके हम न सिर्फ़ कार्बन उत्सर्जन कम कर रहे हैं, बल्कि देश की लंबे समय की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता भी मजबूत कर रहे हैं। यह पहल हमारे किसानों और पूरे देश के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य बनाने के प्रति सरकार के दृढ़ संकल्प को दिखाती है।

## बहुमत के आधार पर संसद में पास होगा संशोधन विधेयक, मगर विपक्ष की जोरदार घेराबंदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) से जुड़े प्रस्तावित विधेयक को लेकर राज्यसभा जोरदार बहस देखने को मिल रही है। केंद्र सरकार भले ही बहुमत के आधार पर विधेयक को पारित कर ले मगर विपक्ष के तरकश से सवालों के तीर लगातार निकल रहे हैं। सरकार की ओर से बार बार कहा जा रहा है कि प्रस्तावित विधेयक कैडर प्रबन्धन को सुव्यस्थित कर आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करेगा। जबकि विपक्षी दल के नेताओं का कहना है कि प्रस्तावित विधेयक के माध्यम से केंद्र सरकार संघीय ढांचे को कमजोर कर सेवा शर्तों में हस्तक्षेप की कोशिशों को कानूनी जामा पहना रही है। तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के नेता खुल कर विधेयक का विरोध कर रहे हैं। विपक्षी दलों के नेताओं ने इसके उद्देश्य पर लगातार संशय के सवाल उठाने की जुगत में हैं।

तृणमूल सांसद नदीमुल हक़ ने आरोप लगाया कि यह विधेयक कार्यपालिका के हाथों में अधिक शक्ति केंद्रित करता है, जिससे केंद्र और राज्यों के बीच संतुलन बिगड़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित ढांचा 'सहकारी संघवाद' को कमजोर करता है और सीएपीएफ बलों पर केंद्र का नियंत्रण बढ़ाता है, जो अक्सर संवेदनशील कानून-व्यवस्था की स्थिति में राज्यों में तैनात किए जाते हैं। विपक्ष की ओर से यह भी मांग की गई कि विधेयक को वापस लिया जाए या फिर व्यापक विचार-विमर्श के लिए इसे सेलेक्ट कमेटी के पास भेजा जाए, ताकि राज्यों और संबंधित कर्मियों की राय भी शामिल की जा सके।

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने विधेयक का बचाव करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सीएपीएफ में कैडर प्रबंधन के लिए "स्पष्टता और संरचना" लाना है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पदोन्नति प्रणाली को अधिक संतुलित बनाएगा और उच्च पदों पर कैडर अधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित करेगा, साथ ही संचालन और प्रशासनिक दक्षता के लिए आईपीएस अधिकारियों की भूमिका भी बनी रहेगी।

**केंद्र सरकार कर रही आईटी नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी**

# निजी यूजर्स, इन्फलुएंसर्स पर भी लागू होंगे 'टेकडाउन नोटिस'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और यूज़र्स दोनों के लिए सख्त नियमों की दिशा में आगे बढ़ रही है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियम, 2021 में प्रस्तावित संशोधनों के तहत अब ऑनलाइन पोस्ट करने वाले व्यक्तिगत यूज़र्स और इन्फ्लुएंसर्स भी कंटेंट हटाने (टेकडाउन), संशोधन या आपातकालीन ब्लॉकिंग जैसे प्रावधानों के दायरे में आ सकते हैं।

सरकार ने इन ड्राफ्ट संशोधनों को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है और 14 अप्रैल तक इस पर सुझाव मांगे गए हैं। इन बदलावों का मकसद सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक, भ्रामक और विशेष रूप से डीपफेक जैसी सामग्री पर नियंत्रण मजबूत करना बताया जा रहा है।

### गाइडलाइंस अब बाध्यकारी

आईटी मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी, दिशा-निर्देश और कोड ऑफ प्रैक्टिस को अब प्लेटफॉर्म्स के लिए अनिवार्य अनुपालन का हिस्सा बनाया जा रहा है। अब तक इन्हें महज सुझाव माना जाता था, लेकिन नए प्रावधानों में इन्हें न मानने पर प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई संभव होगी।यह बदलाव आईटी एक्ट की धारा 79 (सेफ हार्बर प्रोटेक्शन) से जुड़ा है। यदि कोई प्लेटफॉर्म इन निर्देशों का पालन नहीं करता, तो उसे कानूनी सुरक्षा से वंचित किया जा सकता है।

### 'डीपफेक' और आपत्तिजनक कंटेंट पर फोकस

सरकारी अधिकारियों के अनुसार, हाल के समय में सोशल मीडिया पर डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक कंटेंट तेजी से बढ़ा है। इसी को देखते हुए प्लेटफॉर्म्स ने भी टेकडाउन कार्रवाई तेज की है, लेकिन सरकार इसे और सख्त बनाना चाहती है। एक अधिकारी के मुताबिक, दुनिया भर में हुए बदलावों के चलते अब बड़ी मात्रा में डीपफेक कंटेंट सामने आ रहा है, जिसे हटाने के लिए प्लेटफॉर्म्स को और सक्रिय होना होगा।

**सेक्शन 69ए के तहत सख्ती**

प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, एक्स (पूर्व ट्विटर), फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट हटाने की कार्रवाई अब आईटी एक्ट की धारा 69ए के तहत और अधिक प्रभावी तरीके से की जाएगी। अब तक ये प्रावधान मुख्य रूप से पब्लिशर्स पर लागू होते थे, लेकिन नए नियमों में व्यक्तिगत यूज़र्स की पोस्ट भी उसी फ्रेमवर्क में लाई जा सकती हैं।

### चिंता के मुद्दे भी उठे

तकनीकी नीति विशेषज्ञों ने इन संशोधनों को लेकर कुछ चिंताएं भी जताई हैं। उनका कहना है कि इन नियमों में पर्याप्त न्यायिक निगरानी का अभाव है और इससे 'त्वरित प्रवर्तन' को बढ़ावा मिल सकता है, जो संतुलित प्रशासन के लिए चुनौती बन सकता है। कुल मिलाकर, प्रस्तावित आईटी नियमों के ये संशोधन सोशल मीडिया पर जवाबदेही बढ़ाने और गलत सूचना पर रोक लगाने की दिशा में बड़ा कदम माने जा रहे हैं। हालांकि, इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकारी नियंत्रण के बीच संतुलन को लेकर बहस भी तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पीरामल फाइनेंस का एयूएम एक लाख करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पीरामल फाइनेंस के प्रबंधन के अंतर्गत कुल परिसंपत्तियां (एयूएम) एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई हैं। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा है कि विकास के अगले चरण को गति देने के लिए कंपनी एक सूक्ष्म वित्त संस्थान के अधिग्रहण की इच्छुक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जयराम श्रीधरन ने कहा कि कंपनी मार्च, 2028 के अंत तक अपने एयूएम को बढ़ाकर 1.5 लाख करोड़ रुपये करने के लक्ष्य पर कायम है।

### अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार डॉलर प्रति गैलन के पार

**न्यूयॉर्क।** ईरान युद्ध के बीच वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत 2022 के बाद पहली बार औसतन चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई है। वाहन कंपनियों के संघ 'एएए' के अनुसार, नियमित पेट्रोल की राष्ट्रीय औसत कीमत अब 4.02 डॉलर प्रति गैलन हो गई है जो युद्ध शुरू होने से पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है। इससे पहले रूस के यूक्रेन पर हमला करने के दौरान करीब चार वर्ष पहले अमेरिका में पेट्रोल इतना महंगा हुआ था।

### शशांक जैन ब्रुकफील्ड इंडिया रीट के सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) ने शशांक जैन को अपनी प्रबंधक कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में नियुक्त किया है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मौजूदा सीईओ एवं एमडी आलोक अग्रवाल 30 जून तक पद पर बने रहेंगे, जबकि जैन की नियुक्ति एक जुलाई से प्रभावी होगी।

### गुजरात विक्ट्री ने आईपीओ लाने दस्तावेज जमा किया

**नई दिल्ली।** गुजरात विक्ट्री फोर्जिंग्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष सोमवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ 65 लाख तक नए शेयर और 1.32 करोड़ तक के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

### एफएंडओ सौदों पर एसटीटी बढ़ेगा, आयकर अधिनियम 2025 लेगा अधिनियम 1961 का स्थान

# नया आयकर कानून, कई बजटीय प्रावधान आज से होंगे लागू

साफ्टवेयर कंपनियों के लिए सेफ हार्बर प्रावधानों की सीमा बढ़ाई गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं। इसके अलावा, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए 'सेफ हार्बर' प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी। आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल 2026 से आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा।

■ ई-फाइलिंग मंच नए व पुराने, दोनों आयकर कानूनों की अनुपालन की छूट देगा




### विदेशी यात्रा पैकेज पर टीसीएस अब 20 फीसदी

विदेशी यात्रा पैकेज पर टीसीएस 20 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। चिकित्सा और शिक्षा के लिए प्रेषण पर टीसीएस पांच प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत होगा। इसके अलावा, बजट में घोषित 20 वर्ष की कर छूट से घरेलू डेटा सेंटर कंपनियों को भी बड़ा लाभ मिलने की संभावना है, क्योंकि इससे वे वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं देते समय उनकी विदेशी आय पर भारत में कर लगने के जोखिम से बच सकेंगी।

### कर नीति को अधिक तार्किक बनाया गया

नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। आयकर विभाग ने कहा कि बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही, पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी।

### एकल कर वर्ष व्यवस्था लागू

आकलन वर्ष 2026-27 (जो पुराने कानून की अवधि से संबंधित है) के लिए जुलाई 2026 में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे। कर वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर भुगतान जो जून 2026 से शुरू होगा..उसे नए कानून के अनुसार किया जाएगा। आयकर अधिनियम, 2025 में आकलन वर्ष और पूर्व वर्ष के अंतर को समाप्त कर एकल 'कर वर्ष' व्यवस्था लागू की गई है।

### वायदा अनुबंधों पर एसटीटी बढ़कर 0.05 प्रतिशत

साथ ही, समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल होने पर भी टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) की वापसी बिना किसी दंड शुल्क के लेने की अनुमति दी गई है। एक अप्रैल से लागू होने वाला एक अन्य बड़ा बदलाव वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) सौदों पर एसटीटी में वृद्धि है। वायदा अनुबंधों पर एसटीटी 0.02 प्रतिशत से बढ़कर 0.05 प्रतिशत हो जाएगा। विकल्प प्रीमियम एवं विकल्प के प्रयोग पर एसटीटी क्रमशः 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़कर 0.15 प्रतिशत हो जाएगा।

### छोटे निवेशकों को बचाने एसटीटी में वृद्धि

एसटीटी में यह बढ़ोतरी इक्विटी बाजार के एफएंडओ खंड में सट्टेबाजी को सीमित करने और छोटे निवेशकों को भारी नुकसान से बचाने के उद्देश्य से की गई है। इक्विटी डेरिवेटिव (एफएंडओ) खंड में कारोबार करने वाले व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या 2024-25 में 1.06 करोड़ थी जो 2025-26 में (30 दिसंबर 2025 तक) घटकर लगभग 75.43 लाख रह गई। व्यक्तिगत

### निवेशकों को 1.05 लाख करोड़ का नुकसान

सेबी के अध्ययन 'इक्विटी डेरिवेटिव खंड में वृद्धि बनाम नकद बाजार' के अनुसार, 2024-25 में व्यक्तिगत निवेशकों को 1.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध नुकसान हुआ। विदेशी यात्रा पैकेज और उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत चिकित्सा व शिक्षा के लिए भेजी जाने वाली राशि पर टीसीएस (स्रोत पर एकत्रित कर) में कमी का उद्देश्य मध्यम वर्ग को राहत देना है।

## आयकर रिटर्न के सभी फॉर्म अधिसूचित




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) के सभी फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की आय के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आयकर विभाग ने मंगलवार को आईटीआर-2, 3, 5, 6 और 7 के साथ अद्यतन रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर-यू फॉर्म को भी अधिसूचित किया। इसके पहले आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए थे। इन फॉर्म का इस्तेमाल छोटे और मध्यम करदाता करते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं और खातों का ऑडिट आवश्यक नहीं होने वाले करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सुगम) अपेक्षाकृत सरल फॉर्म हैं, जो बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम करदाताओं के लिए हैं। सहज फॉर्म को ऐसे निवासी व्यक्ति भर सकते हैं जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, अन्य स्रोत (ब्याज) एवं 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है। वहीं, सुगम फॉर्म ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) और फर्म (एलएलपी को छोड़कर) के लिए है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से होती है।

■ आकलन वर्ष 2026-27 के लिए सभी फार्म अधिसूचित

## देश में प्रति उपयोगकर्ता मासिक मोबाइल डेटा की खपत 31 जीबी से अधिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक मोबाइल डेटा की खपत वर्ष 2025 में 31 जीबी के आंकड़े को पार कर गई है जबकि वर्ष 2024 में यह खपत 27.5 जीबी थी। एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया के वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक (एमबीइटी) के 13वें संस्करण में कहा गया है कि वर्ष 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 5जी नेटवर्क पर डेटा का कुल मासिक उपयोग एक साल पहले की तुलना में 70 प्रतिशत बढ़कर 12.9 एक्साबाइट (ईबी) तक पहुंच गया है। इसके साथ ही, देश के कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड ट्रैफिक में 5जी की हिस्सेदारी अब लगभग 47 प्रतिशत हो गई है। फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) प्रौद्योगिकी की मदद से घरों या कार्यालयों में केबल के बगैर उच्च गति का इंटरनेट मुहैया कराया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 5जी डेटा में एफडब्ल्यूए की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत को पार कर गई है और इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या में पिछले साल की तुलना में दोगुनी वृद्धि देखी गई है। नोकिया इंडिया की नामित कंट्री मैनेजर विभा मेहरा ने कहा, नेटवर्क उपयोग के नए तरीकों और स्मार्ट सेवाओं के अनुरूप बदलने के समय नोकिया दूरसंचार कंपनियों के साथ मिलकर एक ऐसा भविष्य-उन्मुख और उच्च प्रदर्शन वाला बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## सिग्नेचर ग्लोबल व आरएमजेड में संयुक्त उद्यम करार

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड और आरएमजेड समूह ने गुरुग्राम में एक व्यावसायिक परियोजना विकसित करने के लिए समान भागीदारी वाला संयुक्त उद्यम समझौता किया है। इसके तहत आरएमजेड समूह ने 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 1,293 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस वर्ष फरवरी में सिग्नेचर ग्लोबल ने आरएमजेड समूह के साथ मिलकर लगभग 7,500 करोड़ रुपये के कुल निवेश से 18 एकड़ में फैली एक व्यावसायिक परियोजना विकसित करने की घोषणा की थी। इस परियोजना में कुल 55 लाख वर्ग फुट पट्टे पर देने योग्य क्षेत्र होगा। इसमें से लगभग 35 लाख वर्ग फुट क्षेत्र प्रमुख कार्यालयों के लिए और शेष हिस्सा खुदरा दुकानों व दो होटल के लिए होगा।




## आरबीआई ने निर्यात ऋण अवधि 450 दिन तक बढ़ाई

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट के कारण जारी लॉजिस्टिक बाधाओं को देखते हुए निर्यात खेप भेजने के पहले और बाद के लिए आवंटित ऋण की विस्तारित अवधि को 450 दिन तक बढ़ाने की घोषणा की। यह सुविधा अब 30 जून, 2026 तक किए गए सभी ऋण वितरण पर लागू होगी। निर्यात खेप भेजने के पहले और बाद में दिया जाने वाला ऋण, निर्यातकों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता होता है। निर्यात-पूर्व ऋण का उपयोग निर्यात से पहले कच्चा माल खरीदने, उत्पादन और पैकेजिंग के लिए किया जाता है, जबकि निर्यात-पश्चात ऋण भेजे गए माल का भुगतान मिलने तक कार्यशील पूंजी जरूरतें पूरा करने में मदद करता है। आरबीआई ने एक अधिसूचना में कहा कि विभिन्न हितधारकों से मिले सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है। हितधारकों का कहना था कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण निर्यात आय को तय समयसीमा में हासिल करना मुश्किल हो रहा है।

### एनटीपीसी रिन्यूएबल ने बिजली आपूर्ति की शुरू

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. (एनआरईएल) ने गुजरात के खावड़ा स्थित अपनी दो सौर परियोजनाओं से 168.02 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी की अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. (एनआरईएल) ने गुजरात के खावड़ा स्थित अपनी दो सौर परियोजनाओं से 168.02 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित क्षमता 89,057 मेगावाट और वाणिज्यिक क्षमता 87,977 मेगावाट हो गई है।

### यूरोपीय देशों में मुद्रास्फीति बढ़कर 2.5 प्रतिशत पर पहुंची




**फ्रैंकफर्ट (एजेंसी)।** ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि होने से यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में मुद्रास्फीति दर मार्च में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 1.9 प्रतिशत थी। यूरोपीय संघ की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, ईरान युद्ध के बीच फारस की खाड़ी क्षेत्र से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने के बाद मुद्रास्फीति दर में यह उछाल आया है। यूरोपीय सांख्यिकी एजेंसी यूरोस्टैट के मुताबिक, मार्च में ऊर्जा संसाधनों की कीमतें 4.9 प्रतिशत बढ़ गईं जबकि फरवरी में इनमें 3.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। मार्च में खाद्य वस्तुओं की महंगाई अपेक्षाकृत कम 2.4 प्रतिशत रही जबकि स्वास्थ्य सेवा और सैलून जैसी सेवाओं की कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल के हमले के बाद छिड़ी इस जंग से महंगाई में आई तेजी का असर आम लोगों पर भी दिखने लगा है।

## पश्चिम एशिया युद्ध के बाद से निवेशकों के डूबे 51 लाख करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद से शेयर बाजार में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 11 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक बाजारों पर युद्ध के व्यापक प्रभाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से पूंजी निकासी से भी झटका लगा है। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से संघर्ष शुरू होने के बाद से बीएसई सेंसेक्स 9,339.64 अंक यानी 11.48 प्रतिशत लुढ़क गया है। शेयर बाजार में आई इस भारी गिरावट के चलते, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 51,09,498.82 करोड़ रुपये घटकर 4,12,41,172.45 करोड़ रुपये (4,360 अरब डॉलर) पर रहा। बजाज ब्रोकिंग के एसोसिएट उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) पी मुखर्जी ने कहा, ''संघर्ष शुरू होने के बाद के चार सप्ताह में जोखिम से बचने की तेज प्रवृत्ति देखी गयी है। यह 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक बाजार में आई उथल-पुथल के बाद से सबसे तेज है। इस दौरान, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी ने बाजार में गिरावट के पीछे प्रमुख भूमिका निभाई है। इससे लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।''



■ युद्ध के प्रभाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम नौहिध डाइट फूड प्राइवेट लिमिटेड और **श्री ए. महाप्रीत सिंह, पुत्रः** श्री हरप्रीत सिंह, **पताः** 19, तीसरी मंज़िल, वेस्ट एउहुल रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, दिल्ली ने **CC No. 2085/2021 U/s 138 NI Act थानाः शालीमार बाग, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महाप्रीत सिंह,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महाप्रीत सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 2085/2021 U/s 138 NI Act थानाः शालीमार बाग, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **महाप्रीत सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी–03 कमरा नंबर 107
रोहिणी कोर्ट दिल्ली

DP/4045/NW/2026
(Court Matter)


## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज–सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च

**मीन** — परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान–सम्मान में वृद्धि होगी।




## जेटवर्क का आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल

**नई दिल्ली।** जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेसेज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 4,000 करोड़ से 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष गोपनीय मार्ग से शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम में नए शेयर और बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल होगी। कंपनी ने मंगलवार को जारी सार्वजनिक सूचना में कहा कि उसने प्रस्तावित आईपीओ के संबंध में आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष और शेयर बाजारों के समक्ष दाखिल किए हैं। जेटवर्क ने गोपनीय मार्ग से दस्तावेज दाखिल किए हैं जिससे कंपनी दस्तवेजों का मसौदा सार्वजनिक किए बिना सेबी से शुरुआती प्रतिक्रिया प्राप्त कर सकती है।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## सेबी ने एलीटकॉन, प्रवर्तक व अन्य को किया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कथित हेरफेर गतिविधियों एवं भ्रामक खुलासों के आरोप में एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, उसके प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक विपिन शर्मा और चार अन्य को प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को जारी अंतरिम एकपक्षीय आदेश में शर्मा और चार अन्य इकाइयों से लगभग 51.26 करोड़ रुपये की कथित अवैध कमाई जब्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सेबी ने कहा कि वह इस मामले में विस्तृत जांच करेगा और 'फोरेंसिक' लेखा परीक्षक नियुक्त करेगा। यह कार्रवाई एलीटकॉन इंटरनेशनल के शेयर में कारोबार की जांच के बाद की गई। जांच में नियामक को प्रथम दृष्टया यह संकेत मिले कि कंपनी और उससे जुड़े लोगों ने परिचालन एवं वित्तीय स्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाकर निवेशकों को गुमराह किया जबकि उसी दौरान ऊंची कीमतों पर शेयर बेचे जा रहे थे। सेबी ने आरोप लगाया कि कंपनी ने अपने वित्तीय एवं परिचालन स्थिति की भ्रामक तस्वीर पेश करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दबाई। आदेश में कहा गया कि सकारात्मक खुलासे किए गए लेकिन माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े मामलों सहित कुछ प्रतिकूल घटनाक्रमों की जानकारी निवेशकों को पर्याप्त रूप से नहीं दी गई। सेबी ने अपने 82 पृष्ठ के आदेश में कहा, '' कंपनी के वित्तीय हालात और कामकाज के संबंध में बाहरी दुनिया के सामने केवल सकारात्मक तस्वीर पेश की जा रही थी।''




## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि कुमार पुत्रः राकेश कुमार पताः ए–482, जवाहर मोहल्ला, शशि गार्डेन, पटपड़गंज, दिल्ली** ने case **FIR No. 248/2020, थानाः मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 248/2020, थानाः मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रवि कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
पूर्व जिला, कोर्ट नं. 16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3952/ED/2026 (Court Matter)



## शब्द पहेली - 6182



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 6181 का हल





### विजयकुमार ने 3 और चहल ने 2 विकेट झटके


# आईपीएल पदार्पण में कोनोली का अर्धशतक पंजाब ने गुजरात को तीन विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स ने कूपर कोनाली (44 गेंद में नाबाद 72 रन) के अर्धशतक और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की मदद से मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक टी20 मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से शिकस्त दी। कोनोली ने प्रभसिमरन सिह (37 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 76 रन की भागीदारी निभाई। कोनोली (पांच चौके, पांच छक्के) ने अंत में जेवियर बार्टलेट (नाबाद 11) के साथ मिलकर टीम को 19.1 ओवर में सात विकेट पर 165 रन तक पहुंचाकर जीत दिलाई।

**पंजाब किंग्स ने 9 रन बनाने में 4 विकेट गंवाए**

इससे पहले लेग चहल ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मध्य के ओवरों में गुजरात टाइटंस पर दबाव बनाने में मदद की जिससे वह छह विकेट पर 162 रन ही बना सकी। चहल ने चार ओवरों में 28 रन देकर दो विकेट झटके जबकि तेज गेंदबाज विजयकुमार विशाक ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए। गुजरात टाइटंस ने प्रसिद्ध कृष्णा (29 रन देकर तीन विकेट) की अगुआई में पंजाब किंग्स के लगातार अंतराल पर विकेट चटकाकर दबाव बनाया लेकिन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कोनोली की सयंम से भरी धमाकेदार पारी ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कागिसो रबाडा, राशिद खान, अशोक शर्मा और वाशिंगटन सुंदर को एक एक विकेट मिला। पंजाब ने पारी के दौरान 14 छक्के और छह छक्के लगाए। प्रियांश आर्य ने पहले ही ओवर में सिराज की आखिरी गेंद पर छक्का जड़ दिया लेकिन अगले ही ओवर में रबाडा की गेंद पर अशोक को आसान कैच दे बैठे। प्रभसिमरन अच्छी फॉर्म में दिख रहे थे, उन्होंने चौथे ओवर में रबाडा पर वाइड लांग ऑफ में और स्लिप कॉर्डन के ऊपर दो छक्के लगाए। इसी ओवर की अंतिम गेंद को कोनोली ने लांग ऑफ में छक्के के लिए भेजा। कोनोली ने पांचवें ओवर में अशोक पर डीप प्वाइंट पर छक्का लगाया और अंतिम गेंद पर पंजाब ने 50 रन पूरे किए।




**गुजरात-162/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साई सुदर्शन का श्रेयस बो यानसन | 13 |
| शुभमन का कोनोली बो चहल | 39 |
| जोस बटलर का बार्टलेट बो चहल | 38 |
| फिलिप्स का यानसन बो विशाक | 25 |
| वाशिंगटन का अर्शदीप बो विशाक | 18 |
| शाहरूख का अर्शदीप बो विशाक | 04 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 11 |
| राशिद खान नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 14
कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 162 रन
विकेट पतन : 1-37, 2-83, 3-119, 4-129, 5-144, 6-150
गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-42-0, जेवियर बार्टलेट 4-0-36-0, मार्को यानसन 4-0-20-1, विजयकुमार विशाक 4-0-34-3, युजवेंद्र चहल 4-0-28-2

**पंजाब-165/7 (19.1)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश का अशोक शर्मा बो रबाडा | 07 |
| प्रभसिमरन का कृष्णा बो राशिद | 37 |
| कूपर कोनोली नाबाद | 72 |
| श्रेयस अय्यर का सुंदर बो कृष्णा | 18 |
| नेहाल वढेरा का गिल बो सुंदर | 03 |
| शशांक सिंह का बटलर बो कृष्णा | 04 |
| स्टोइनिस का राशिद बो कृष्णा | 00 |
| मार्को यानसन का गिल बो अशोक | 09 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 11 |

अतिरिक्त : 04
कुल योग : 19.1 ओवर में सात विकेट पर 165 रन
विकेट पतन : 1-7, 2-83, 3-110, 4-113, 5-118, 6-118, 7-144
गेंदबाजी : मोहम्मद सिराज 2-0-15-0, कागिसो रबाडा 3-0-34-1, अशोक शर्मा 3-0-31-1, राशिद खान 4-0-29-1, वाशिंगटन सुंदर 3.1-0-27-1, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-29-3

# एशियाई स्क्वाश में अनाहत का जलवा, जीता बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशियाई स्क्वाश महासंघ (एएसएफ) ने उभरती हुई युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह को लड़कियों के वर्ग (जूनियर) में शीर्ष सम्मान के लिए चुना है।


विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत कई बार एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। 2025 में उन्होंने काहिरा में आयोजित विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और वह भारत की स्वर्ण पदक विजेता विश्व कप मिश्रित टीम का भी हिस्सा रही थीं।



### अभय सिंह को 'उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी' घोषित

वहीं अभय सिंह को 'उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी' घोषित किया है। एएसएफ की जारी विजेताओं की सूची के अनुसार भारतीय लड़कों की टीम को 'पुरुष टीम पुरस्कार' के लिए चुना गया है, जिसने मिस्र में आयोजित 2025 विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अभय वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज हैं। वह कई बार एशियाई खेलों में पदक जीत चुके हैं और एशियाई चैंपियनशिप के विजेता भी हैं। वह उस टीम का भी हिस्सा थे, जिसने पिछले साल भारत को पहला 'विश्व कप मिश्रित टीम' खिताब दिलाया था। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी 2022 में एएसएफ की वार्षिक पुरस्कार सूची में शामिल हुए थे जब सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप : प्रिया की शानदार जीत, जुझारू प्रदर्शन के बाद हारे जादूमणि



**उलानबटोर।** भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5-0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5-0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंग्यू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3-2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

## खबर संक्षेप



### पारंपरिक केंद्रों ही नहीं हर जगह में खेले जाएं टेस्ट

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारुप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं। बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। गांगुली ने कहा,' ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है । कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।' उन्होंने कहा,' हम सभी चाहते हैं कि ईडन पर ज्यादा मैच हो लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिए।'

### आरसीबी में आया ठहराव खिलाड़ियों को पता है अपनी भूमिका : कृणाल

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कृणाल पंड्या का कहना है कि टीम में पिछले साल की तुलना में ठहराव आया है और खिलाड़ियों को इस सत्र में अपनी भूमिकाओं के बारे में बखूबी पता है।



कृणाल ने कहा,' मेरा मानना है कि इस साल अधिक ठहराव आया है। पिछले साल यह नई टीम थी और सभी एक दूसरे को समझ रहे थे। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका, एक दूसरे की ताकत और कमजोरी बखूबी पता है।' उन्होंने कहा,' जब मैं बड़े मौकों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाए हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिए ही बने हैं। मुझे दबाव महसूस होता है लेकिन मैं सोचता हूं कि कैसे शांतचित्त रहूं और जरुरत के मुताबिक खेलूं।'

**आईपीएल 2026**

**दोनों टीमों के बीच खेले गए 7 मुकाबले**

**4 मैच दिल्ली तो 3 मैच में जीती लखनऊ**

# दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स में कांटे की टक्कर आज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2026 के पांचवें मुकाबले में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स की भिड़ंत लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला जाना है।

लखनऊ और दिल्ली के बीच इस लीग में कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। आईपीएल में अब तक इन दोनों टीमों के बीच कुल 7 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 4 मुकाबले दिल्ली ने जीते हैं, जबकि 3 मुकाबलों में लखनऊ को जीत मिली हुई है। आईपीएल 2025 में इन दोनों टीमों के बीच कुल 2 मुकाबले खेले गए थे और दोनों ही बार दिल्ली कैपिटल्स विजयी रही थी। दिल्ली अपने इस दबदबे को इस सीजन भी कायम रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।



**टीमें इस प्रकार हैं**

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान ), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन माक्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स,आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख। **मैच :** शाम 7.30 से

**आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग**

# बेथ की 26 महीने की बादशाहत खत्म जॉर्जिया वोल बनीं नंबर वन बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶ दुबई

ऑस्ट्रेलिया की युवा बल्लेबाज जॉर्जिया वोल आईसीसी की जारी ताजा टी20 रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने बेथ मूनी की 26 महीने से जारी बादशाहत को खत्म कर दिया है। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में जॉर्जिया वोल का प्रदर्शन दमदार रहा था। भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना भी तीसरे नंबर पर खिसक गई हैं। इस टी20 सीरीज के दौरान जॉर्जिया वोल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपने टी20 करियर का पहला शतक भी लगाया था। उन्होंने 52 गेंदों में सेंचुरी पूरी की थी। जॉर्जिया ने ताजा रैंकिंग में 8 पायदान की छलांग लगाई है। वोल के अब 815 रेटिंग प्वाइंट्स हो गए हैं और वह बेथ मूनी से आगे निकल गई हैं। मूनी दूसरे नंबर पर खिसक गई हैं और उनके 788 रेटिंग प्वाइंट्स हैं।

**स्टार बल्लेबाज मंधाना एक पायदान खिसकी**




### न्यूजीलैंड की अमेलिया बनीं नंबर वन ऑलराउंडर

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करने वालीं न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान अमेलिया केर दुनिया की नंबर एक ऑलराउंडर बन गई हैं। उनके कुल 508 रेटिंग प्वाइंट्स हो गए हैं और उन्होंने वेस्टइंडीज की स्टार खिलाड़ी हेली मैथ्यूज को नंबर 2 पर ढकेल दिया है। केर यह मुकाम हासिल करने वाली न्यूजीलैंड की महज चौथी खिलाड़ी हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ रेबेका स्टील, एमी वॉटकिंस और सोफी डिवाइन ही हासिल कर सकी हैं।

# शीतल देवी का बड़ा मंत्र अपनी सीमाएं खुद तय करो

- कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किए गए बलिदानों के बाद मिला सम्मान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुनी गई दुनिया की नंबर एक शीतल देवी का मानना है कि यह सम्मान बरसों की कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किए गए बलिदानों को दर्शाता है और उनका फलसफा यही है कि किसी और को अपनी सीमाएं तय करने नहीं दें। दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज शीतल को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना, जो उनकी असाधारण उपलब्धियों में एक और इजाफा है। बैंकॉक में एक टूर्नामेंट में भाग ले रही शीतल ने कहा,' यह अद्भुत है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों में नामांकन मिलना ही खास था और यह पुरस्कार जीतना यादगार और बहुत खास है। यह हर घंटे की कड़ी मेहनत, हर नाकामी और चुपचाप किए गए बलिदानों को दर्शाता है।'



### आज से सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप


**रांची।** 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप बुधवार से शुरू हो रही है, जिसमें तीन श्रेणियों में 29 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट 12 अप्रैल तक चलेगा और टीमें ए , बी तथा सी श्रेणियों में भाग लेंगी। ए श्रेणी की टीमें चैंपियनशिप खिताब के लिए खेलेंगी जबकि बी श्रेणी की शीर्ष दो टीमें और सी श्रेणी की विजेता टीम को प्रमोशन मिलेगा। ए और बी श्रेणी की आखिरी दो टीमें अगले साल क्रमशः बी और सी श्रेणी में खिसक जाएंगी। ए श्रेणी में बारह टीमों को चार पूल में बांटा गया है और नॉकआउट चरण नौ अप्रैल से खेला जाएगा। पूल ए में मेजबान हॉकी झारखंड, बिहार और महाराष्ट्र हैं जबकि पूल बी में ओडिशा, हॉकी पंजाब और हॉकी आंध्र प्रदेश हैं।

# चेन्नई लायंस की जगह यूटीटी में शामिल यूपी प्रोमेथियंस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चेन्नई लायंस की जगह यूपी प्रोमेथियंस को अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में शामिल किया गया। आयोजकों ने लीग के सातवें सत्र से पहले यह घोषणा की। यूपी टीम के मालिक उद्यमी मुकेश शर्मा हैं।

यूटीटी के सातवें सत्र का आयोजन जुलाई में गोवा में होगा, जिसमें सात टीमें हिस्सा लेंगी। यह एकल राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेला जाएगा, जिसमें हर टीम लीग चरण में एक बार हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। कुल मुकाबलों की संख्या 24 होगी, जो पिछले दो सत्र में 23 थी। जयपुर पैट्रियट्स भी लीग का हिस्सा नहीं रही क्योंकि उसने फ्रेंचाइजी समझौते की शर्तों का बार-बार उल्लघंन किया और लगातार भुगतान में चूक की।



### 9 अप्रैल से पहला लिटिल अंडमान प्रो, हिस्सा लेंगे सर्फर और स्टैंड-अप पैडर

**नई दिल्ली।** भारत के बेहतरीन सर्फर और स्टैंड-अप पैडर 9 से 12 अप्रैल तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में होने वाली पहली 'लिटिल अंडमान प्रो 2026 - राष्ट्रीय सर्फ और एसयूपी चैंपियनशिप' में पहला स्थान हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगे।



भारतीय सर्फिंग महासंघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडल (एसयूपी) दोनों स्पर्धाएं होंगी। साथ ही इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को इस साल के एशियाई खेलों से पहले अनुभव भी मिलेगा। भारत ने 2024 एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में अपना पहला एशियाई खेलों का कोटा हासिल किया था और महाबलीपुरम में हुए 2025 के चरण में उस लय को बनाए रखते हुए आखिरकार जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए अधिकतम चार स्थान सुनिश्चित किए, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दो-दो स्थान शामिल हैं।

## हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

# बॉक्सरों ने सेमीफाइनल मुकाबलों में दिखाए दमदार पंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में चल रही हरियाणा राज्य स्तरीय चौथी सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर खिलाड़ियों ने फाइनल में प्रवेश किया। चैंपियनशिप के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु ने शिरकत की। उन्होंने मुकाबलों की शुरुआत कराई और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। महासचिव ओमबीर हुड्डा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया। कोच गोविंद दलाल के अनुसार, लड़कियों के 30 से 33 किलोग्राम भारवर्ग में अंबाला की तन्वी, पानीपत की अक्षिता, 33 से 35 में झज्जर की वंदना, भिवानी की जिया, 35 से 37 में जींद की रितु, हिसार की यश्विनी, 37 से 40 में पानीपत की गरिमा हिसार की सोनिया, 40 से 43 में गुरुग्राम की तन्वी, कैथल की दीपांशु, 43 से 46 में पलवल की तमन्ना, करनाल की सिया, 46 से 49 में सोनीपत की सिया, गुरुग्राम की अंशुता, 49 से 52 में हिसार की प्रीत, करनाल की छवि संधु, 52 से 55 पलवल की लक्की, कैथल की क्षमा, 55 से 58 में झज्जर की आभा, सोनीपत की सुनैना, 58 से 61 में रोहतक की भूमिका, हिसार की कनिका, 61 से 64 में हिसार की माही पूनिया 64 से 67 किलोग्राम भारवर्ग में गुरुग्राम का आश्वी ने जीत दर्ज की।

**चौथी सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप**

वहीं 67 से 70 में कैथल की रिद्धिमा ने बाजी मारी, 70 से अधिक भारवर्ग में रोहतक की दीक्षा व कैथल की मानवी विजयी हुई। इसी तरह लड़कों के 30 से 33 किलोग्राम में रोहतक का वंश, साई हरियाणा का निर्भय, 33 से 35 में पानीपत का तनीष रावल, साई एच प्रणव विजेता बना। जबकि 35 से 37 में मेवात के अयान, सोनीपत के वंश, 37 से 40 में सोनीपत के आरव, भिवानी के गौरव, 40 से 43 किलो भारवर्ग में फतेहाबाद के केशन व हिसार के कुनाल, 43 से 46 में हिसार के वंश, झज्जर के अंश, 46 से 49 में सोनीपत के अंश, रोहतक के प्रशांत, 49 से 52 में करनाल के रक्षम, भिवानी के चेतन, 52 से 55 में रोहतक के अंशुमान, झज्जर के निखिल, 55 से 58 में सोनीपत के समर्थ, रेवाड़ी के अंश, 58 से 61 में भिवानी के मयंक, गुरुग्राम के आर्यन, 61 से 64 में सोनीपत के देव ने बाजी मारी।




बहादुरगढ़। मुकाबले की शुरुआत करते अतिथि एवं संघ के अध्यक्ष मेजर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु सिंधु व जीत के लिए पंच लगाते बॉक्सर।

ईरान पर जमीनी हमले की तैयारी में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति की यूरोप, खाड़ी सहित अन्य मित्र देशों को दो टूक

# अगर हिम्मत है तो होर्मुज से अपने दम पर जाकर तेल खरीदो, वरना...युद्ध लड़ोः ट्रंप

मशहद एयरपोर्ट पर खड़े महान एयरलाइंस के विमान पर अमेरिका का हमला, नहीं भर पाया भारत की उड़ान



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध को एक महीने का समय पूरा हो गया है। लेकिन भविष्य में इसकी तीव्रता और अधिक बढ़ेगी। जिसका बड़ा कारण अमेरिका द्वारा ईरान में किया गया जमीनी युद्ध लड़ने का एलान है। बीते कुछ दिनों से इसे लेकर अमेरिकी सेना की टुकड़ियां एक के बाद एक खाड़ी देशों में मौजूद सैन्य ठिकानों पर उतारी जा रही हैं, ईरान के खार्ग द्वीप पर भी अमेरिका के कुछ सैनिकों की मौजूदगी है।

इन सबके बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मंगलवार को 'ट्रूथ सोशल' पर एक बड़ा बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने ईरान को बर्बाद करने की कसम खाते हुए यूरोप, ब्रिटेन, खाड़ी सहित अपने अन्य मित्र राष्ट्रों को कड़े शब्दों में यह संदेश दिया है कि अगर उन्हें तेल की खरीद करनी है, तो अमेरिका से करें। होर्मुज से तेल की खरीद करनी है तो अपने दम पर करो, वरना युद्ध लड़ने के लिए तैयार रहो।

उधर, यमन के हूती विद्रोहियों ने क्षेत्र के एक अन्य अहम जलमार्ग बाब-अल-मंदेब को भी बंद करने की धमकी दी है। जो लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। अगर ऐसा हुआ तो वैश्विक तेल, गैस का और संकट गहरा सकता है।

### सऊदी अरब, ब्रिटेन पर साधा निशाना

*ट्रंप का यह बयान मुख्य रूप से खाड़ी के अमेरिका के एक प्रमुख भागीदार मित्र देश सऊदी अरब पर केंद्रित है। जिसने ईरान के खिलाफ लड़ने से इंकार कर दिया था। उसे राष्ट्रपति ट्रंप ने दो विकल्प देते हुए कहा है कि अगर आपको विमानन ईंधन (जेट फ्यूल) की खरीद करनी है। तो उसे अमेरिका से खरीदें। क्योंकि हमारे पास इसकी कोई कमी नहीं है। लेकिन अगर दूसरी ओर आप इसे होर्मुज से खरीदना चाहते हैं, तो उसके लिए आपको अपनी लड़ाई खुद लड़नी पड़ेगी। क्योंकि उसी से आपको पता चलेगा कि युद्ध कैसे लड़ा जाता है? जलडमरूमध्य तक खुद जाएं और लड़ें, फिर तेल भी मिल जाएगा। अमेरिका अब आपकी और मदद नहीं करेगा, जैसे की आपने हमारी नहीं की है। उधर, ब्रिटेन भी वर्तमान में होर्मुज से तेल की खरीद नहीं कर रहा है। इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने उसे भी सऊदी अरब की तर्ज पर अपना तेल खरीदने की सलाह दी है।*

### भारत के लिए बढ़ेगा तनाव?

*जानकारों का कहना है कि अगर अमेरिका ईरान के खार्ग सहित अन्य इलाकों में जमीनी हमले करता है। तो उसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से उसके समुद्र तटीय इलाके पर भी पड़ेगा। पहले ही होर्मुज जलडमरूमध्य इसकी चपेट में है। जहां से भारत का करीब 60 फीसदी से अधिक कच्चे तेल और गैस का आयात होता है। बीते कुछ वक्त में हमारे कुछ जहाज देश पहुंच चुके हैं। जबकि कुछ अन्य अभी भी आने बाकी हैं। ऐसे में अगर लड़ाई फैलती है तो उससे सप्लाई प्रभावित हो सकती है। केंद्र के स्तर पर हालांकि इस संकट से निपटने के लिए बहुआयामी रणनीति बनाई गई है। जिसके तहत वर्तमान में दुनिया के कुल 40 देशों से तेल-गैस का आयात किया जा रहा है।*

### मशहद हवाईअड्डे पर किया हमला

*ईरान से जानकारी मिली है कि अमेरिका ने उसके मशहद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला किया है। जिसमें महान एयरलाइंस के एक विमान को निशाना बनाया गया है। जो हमले के वक्त एयरपोर्ट पर खड़ा था और नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला था। भारत से उसे मानवीय मिशन के तहत 11 टन जरूरी राहत सामग्री लेकर वापस लौटना था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से विमान को 1 अप्रैल को सुबह करीब चार बजे भारत पहुंचना था। लेकिन अब हमले के बाद यह संभव नहीं हो सकेगा। वहीं, अमेरिकी हमले में एयरपोर्ट को भी काफी नुकसान पहुंचा है।*



ईरान के इस्फहान स्थित हथियार डिपो पर बंकर बस्टर बम से हमले का बाद उठता धुंआ


## ईरान के इस्फहान में अमेरिका ने 2000 किलो बंकर बस्टर बम से किया हमला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिकी सेना ने इस्फहान के हथियार डिपो पर 2000 किलो वजनी बंकर बस्टर बम से हमला किया। इस्फहान में ही ईरान का संवर्धित यूरेनियम का भंडार भी रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। ईरान के इस्फहान शहर की आबादी करीब 23 लाख है और यहीं पर ईरानी सेना का बद्र सैन्य अड्डा भी है। बीते साल जब अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था, तब भी इस्फहान में परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस्फहान की रणनीतिक अहमियत भी है। ईरान के संवर्धित यूरेनियम का बड़ा हिस्सा, जो करीब 540 किलो है, इस्फहान के भूमिगत ठिकानों में ही रखा है।

## ईरान का कुवैत के तेल टैंकर पर हमला

ईरान ने सोमवार को दुबई के बंदरगाह पर कुवैत के तेल टैंकर पर हमला किया गया, जिससे टैंकर में आग लग गई। कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने बताया कि दुबई पोर्ट पर खड़े अल-सलमी तेल टैंकर पर ईरानी हमले के कारण आग लग गई। आग को नियंत्रित कर लिया गया है।

### टारगेट पर था इजराइली जहाजः ईरान



हमले में क्षतिग्रस्त कुवैत का तेल टैंकर

निगरानी सेवा टैंकर ट्रैकर्स डॉट कॉम के मुताबिक इसमें 1.2 मिलियन बैरल सऊदी कच्चा तेल और 800,000 बैरल कुवैती कच्चा तेल था। जो चीन के किंगदाओ की ओर बढ़ रहा था। अल-सल्मी संभवतः टारगेट नहीं था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि उन्होंने खाड़ी में एक कंटेनर जहाज को टारगेट किया था, क्योंकि उसका संबंध इजरायल से था। लेकिन ऐसा मालूम होता है कि ईरान सिंगापुर का झंडा लगे, हेफोंग एक्सप्रेस का जिक्र कर रहे थे। शिपिंग डेटा के मुताबिक यह अल-सल्मी के पास लंगर डाले हुए था।

### होर्मुज पर नेतन्याहू ने सुझाया स्थाई समाधान

## ऊर्जा पाइपलाइनों को सऊदी के रास्ते ले जाएं




इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए एक सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भरता कम करने के लिए ऊर्जा पाइपलाइनों का रास्ता बदलना चाहिए। इन पाइपलाइनों को सऊदी अरब के रास्ते लाल सागर और भूमध्य सागर की तरफ ले जाना एक स्थायी समाधान हो सकता है। नेतन्याहू ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के पास है। इस वजह से ईरान जब चाहे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने कहा कि सैन्य समाधान केवल कुछ समय के लिए स्थिरता दे सकता है। लेकिन अगर पाइपलाइनों का रास्ता बदल दिया जाए, तो ईरान की रणनीतिक ताकत कम हो जाएगी। नेतन्याहू का मानना है कि जमीन के रास्ते नए पाइपलाइन नेटवर्क बनाने से वैश्विक ऊर्जा बाजार पर ईरान का दबदबा खत्म होगा।

## ईरान का एमक्यू-9 ड्रोन गिराने का दावा



ईरान की सेना ने दावा किया है कि उन्होंने मंगलवार को इस्फहान के पास एक एमक्यू-9 ड्रोन को निशाना बनाया है। ईरान का दावा है कि ये ड्रोन अमेरिका-इजराइल का है। ईरानी सेना के हवाले से मीडिया ने बताया कि ड्रोन को इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिया गया। ईरान ने अमेरिका-इजराइल के अब तक कुल 146 ड्रोन तबाह करने का दावा किया है। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन बेहद खास है और इसे आमतौर पर सर्विलांस और हमलों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह एक महंगा ड्रोन है और इस एक ड्रोन की कीमत करीब 3 करोड़ डॉलर के करीब है।

## अमेरिकी समेत 7 गिरफ्तार अवैध विदेशियों का संबंध म्यांमार के विद्रोही गुट से तो नहीं..कोर्ट गंभीर, एनआईए सख्त, केंद्र चौकस



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली की एक विशेष अदालत ने सात विदेशी नागरिकों से जुड़े कथित आतंकी साजिश मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच को सही ठहराते हुए कई अहम बिंदुओं पर गहन पड़ताल के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि आरोपियों के भारत आने का उद्देश्य, ड्रोन के इस्तेमाल का मकसद और किसी विद्रोही (रेबल) समूह से संभावित संबंध जैसे सवालों की पूरी जांच जरूरी है। यह मामला 13 मार्च को गिरफ्तार किए गए सात विदेशियों से जुड़ा है, जिनमें छह यूक्रेन के नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल है। इन सभी के खिलाफ आतंकी साजिश के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। अदालत ने सुनवाई के बाद आरोपियों की हिरासत 10 दिन के लिए बढ़ाते हुए कहा कि पूरे मामले के तथ्यों को समग्र रूप से समझना जरूरी है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या आरोपियों का संबंध म्यांमार के किसी विद्रोही समूह से है, क्या उन्होंने ड्रोन के जरिए किसी को प्रशिक्षण दिया, और क्या भारत में किसी व्यक्ति या संगठन का उनसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संपर्क है। जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि आरोपियों के विद्रोही समूहों से जुड़े होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने माना कि एनआईए द्वारा पेश की गई केस डायरी में संवेदनशील जानकारियां हैं, जो आगे की जांच को उचित ठहराती हैं।

### जांच में सामने आए तथ्य

एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अलग-अलग तारीखों पर टूरिस्ट वीजा पर भारत आए थे और गुवाहाटी पहुंचे। वहां से वे बिना आवश्यक दस्तावेजों के मिजोरम पहुंचे और कथित तौर पर अवैध रूप से सीमा पार कर म्यांमार में प्रवेश किया। एजेंसी का दावा है कि आरोपियों का मकसद म्यांमार स्थित जातीय सशस्त्र समूहों को "पूर्व निर्धारित प्रशिक्षण" देना था। इसके अलावा, यूरोप से ड्रोन मंगवाकर मिजोरम में कुछ व्यक्तियों और समूहों को सप्लाई किए जाने की भी बात सामने आई है।

### गिरफ्तारी और कार्रवाई

अमेरिकी नागरिक को कोलकाता एयरपोर्ट पर ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन ने हिरासत में लिया, जबकि तीन यूक्रेनी नागरिक लखनऊ एयरपोर्ट और तीन दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़े गए। इसके बाद एनआईए ने उसी दिन यूएपीए की धारा 18 (आतंकी साजिश) सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की। फिलहाल एनएनआई इस पूरे नेटवर्क, फंडिंग, ड्रोन सप्लाई चेन और संभावित अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की गहराई से जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

**ओटावा।** कनाडा के सरे में कथित तौर पर संगठित अपराध से जुड़े गोलीबारी के एक मामले में



भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह घटना शनिवार रात सरे के सुलिवन हाइट्स इलाके के टाउनहाउस परिसर में हुई। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने सोमवार को बताया कि मृतक की पहचान 27 वर्षीय जसमन सेखों के रूप में हुई है।

### आर्टेमिस-2 के प्रक्षेपण की तैयारी पूरी

**केप कैनवेरल।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 53 वर्षों में पहली बार मानवयुक्त चंद्र मिशन के प्रक्षेपण के



लिए उलटी गिनती शुरू कर दी है। 'आर्टेमिस-2' मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट बुधवार शाम प्रक्षेपण के लिए तैयार है। यह रॉकेट अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में एक दिन बिताने के बाद 'ओरियन' कैप्सूल के जरिए चंद्रमा की ओर लेकर जाएगा।

### सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति संतोखी का निधन

**पारामारिबो।** सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी का निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे।



सूरीनाम की राष्ट्रपति जेनिफर गीरलिंग्स-सायमंस ने एक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। 'चान' के नाम से प्रख्यात संतोखी ने राष्ट्रपति के रूप में 2020 से 2025 तक देश की बागडोर संभाली थी। इससे पहले वह 2005 से 2010 तक न्याय एवं पुलिस मंत्री भी रहे थे। संतोखी ने 1982 में कम से कम 12 राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की हत्या मामले की जांच की थी।

नीलगिरी श्रेणी का पांचवां युद्धपोत है दूनागिरी, जिसका निर्माण जीआरएसई में किया गया है

# नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी स्टेल्थ फ्रिगेट 'दूनागिरी'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत की पश्चिमी-पूर्वी सीमाओं पर बनी हुई युद्ध की चुनौती और पश्चिम-एशिया क्षेत्र में बने हुए तनाव के मध्य अब वो दिन दूर नहीं जब नौसेना के जंगी बेड़े की ताकत में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। जिसका कारण बल में शामिल हुआ अत्याधुनिक स्वदेशी बहुउद्देशीय स्टेल्थ फ्रिगेट दूनागिरी है। परियोजना 17-ए (नीलगिरी श्रेणी) के तहत इसका निर्माण कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिप-बिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्धपोत का डिजाइन नौसेना के डिजाइन ब्यूरो ने मौजूदा और भावी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए किया है। दूनागिरी मूल रूप से पूर्व में नौसेना का हिस्सा रहे लिएंडर श्रेणी के फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी का ही नया रूप है। जिसने 5 मई 1977 से 10 अक्टूबर 2010 तक कुल 33 वर्षों तक राष्ट्र की गौरवशाली सेवा की थी। फ्रिगेट का डिजाइन, स्टेल्थ तकनीक, मारक क्षमता, स्वचालन और उत्तरजीविता में हुई सराहनीय प्रगति का प्रतीक होने के साथ ही इसका निर्माण आत्मनिर्भरता का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### ब्रह्मोस समेत इन हथियारों से लैस दूनागिरी

मंत्रालय ने बताया कि परियोजना 17(ए) में पूर्व की पी-17 परियोजना की तुलना में उन्नत हथियार और सेंसर लगे हुए हैं। युद्धपोत को समुद्र में गति देने के लिए संयुक्त डीजल और गैस (सीओडीओजी) प्रणोदन संयंत्र लगाए गए हैं। जिसमें एक डीजल इंजन और एक गैस टरबाइन इंजन शामिल हैं। दूनागिरी में लगाए गए विध्वंसक हथियारों में सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल (एसएसएम), एमएफ-स्टार और एमआरएसएएम कॉम्प्लेक्स, 76 मिमी एसआरजीएम, 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज इन हथियार प्रणाली का संयोजन, पनडुब्बी रोधी युद्ध के लिए जरूरी रॉकेट, टॉरपीडो शामिल हैं।

### पोत में लगी है 75% स्वदेशी सामग्री

दूनागिरी युद्धपोत में कुल 75% स्वदेशी सामग्री लगी हुई है। परियोजना में 200 से ज्यादा लघु और मध्यम उद्योगों की भागीदारी रही है। इसके निर्माण ने प्रत्यक्ष रूप से 4 हजार कर्मियों और अप्रत्यक्ष रूप से 10 हजार से अधिक कर्मियों के लिए रोजगार सृजन का काम किया है। बीते करीब डेढ़ साल से अधिक समय में (16 महीने) नौसेना को सौंपा जाने वाला यह पांचवां युद्धपोत है। पहले किए गए निर्माण के अनुभवों के आधार पर इस युद्धपोत के निर्माण की अवधि को 80 महीनों तक कम किया गया है। जबकि इसी श्रेणी के पहले युद्धपोत (नीलगिरी) के निर्माण में कुल 93 महीने लगे थे। इस युद्धपोत का नौसेना में शामिल होना देश की डिजाइन, जहाज निर्माण और इंजीनियरिंग क्षमता को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा दूनागिरी जहाज डिजाइन-निर्माण में बल की आत्मनिर्भरता के समर्पण का प्रतीक है।

### नौसेना को मिले यह अन्य युद्धपोत

*देश के अलग-अलग शिपयार्डों द्वारा नौसेना को बीते 30-31 मार्च को कई अन्य युद्धपोत भी सौंपे गए हैं। जिनमें चौथा सर्वेक्षण पोत संशोधक, दूसरी और चौथी पनडुब्बी रोधी उथले पानी की नौकाएं मलवान और एग्रे शामिल हैं। इसके अलावा अगली पीढ़ी के पहले अपतटीय गश्ती जहाज यार्ड-1280 का गोवा के जीएसएल में जलावतरण भी किया गया है। संशोधक पोत भारतीय नौसेना के डिजाइन ब्यूरो द्वारा संचालित अंतिम सर्वेक्षण पोत है। जिसका निर्माण जीआरएसई में किया गया। पोत का कुल वजन 3 हजार 400 टन, लंबाई 110 मीटर और इसमें 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री लगी हुई है। एग्रे को भी जीआरएसई में बनाया गया है। जबकि मलवान का निर्माण सीएसएल में हुआ है। एग्रे की लंबाई 77 मीटर है और यह जलजेट द्वारा संचालित बल का एक बड़ा युद्धपोत है। जिसमें अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले पानी के सोनार लगे हुए हैं। वहीं, कोच्चि के सीएसएल में निर्मित मलवान का नाम महाराष्ट्र के ऐतिहासिक तटीय शहर मलवान के नाम पर रखा गया है। कुल वजन 1100 टन और लंबाई 80 मीटर है। जहाज निर्माण में 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री लगी हुई है।*

रडार का डिजाइन-विकास डीआरडीओ ने किया है। जबकि निर्माण बेल करेगा

## वायुसेना को मिलेंगे पहाड़ी रडार, रक्षा मंत्रालय-बेल के बीच हुआ 1950 करोड़ का समझौता



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूद सुरक्षा चुनौतियों के दौर में भारतीय वायुसेना की हवाई निगरानी क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जिसकी वजह नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के बीच मंगलवार को दो पहाड़ी रडार (माउंटेन रडार) की खरीद के लिए हुआ 1 हजार 950 करोड़ रुपये का समझौता है। रडार की खास बात यह है कि इसका स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा किया गया है। जबकि निर्माण बीईएल करेगा।

### रडार से बढ़ेगी हवाई रक्षा क्षमता

*रक्षा मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, इस रडार के वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल होने से देश की हवाई रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। रक्षा उपकरण की देश के अंदर से की जा रही खरीद से विदेशों पर निर्भरता भी घटेगी। साथ ही देश की आत्मनिर्भर भारत तथा मेक-इन-इंडिया अभियान के तहत रक्षा क्षमता पहले की मुकाबले और अधिक सशक्त होगी। समझौते की मदद से रडार के साथ उससे जुड़े हुए उपकरण और अन्य जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर वायुसेना को मिलेगा। दोनों पक्षों के बीच इस समझौते को मंत्रालय की रक्षा खरीद प्रावधानों की बॉय (इंडियन-इंडीजिनिश्यली डिजाइंड डेवलप्ड एंड मैन्युफैक्चर्ड) श्रेणी के तहत स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें मंत्रालय और बीईएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।*

सेमीकंडक्टर और ग्रीन हाइड्रोजन साझेदारी पर चर्चा

## पीएम मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटन से की फोन पर बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटन से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और गहराई देने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटन से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। हमने सेमीकंडक्टर, बड़े जल प्रोजेक्ट, ग्रीन हाइड्रोजन और टैलेंट मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में अपनी साझेदारी की संभावनाओं पर जोर दिया। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और इस क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया। इस बातचीत में हाई-टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। पीएम मोदी ने बड़े जल परियोजनाओं पर भी चर्चा की, जहां बाढ़ प्रबंधन, डेल्टा तकनीक और टिकाऊ जल समाधानों में नीदरलैंड अनुभव भारत की जल सुरक्षा और जलवायु लचीलेपन के प्रयासों में महत्वपूर्ण सहयोग दे सकता है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री और रूस के उप-विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको के बीच हुई वार्ता

## भारत में 14-15 मई को होगी ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक, लावरोव आएंगे!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा साल में ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास है। जिसके तहत सितंबर महीने में समूह के राष्ट्राध्यक्षों का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा सकता है। लेकिन उससे ठीक पहले 14 से 15 मई तक नई दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें भाग लेने के लिए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भारत की यात्रा कर सकते हैं। यह जानकारी रूस की समाचार एजेंसी तास ने उप-विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको के हवाले से दी है। जिसमें यह बताया गया है कि विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ब्रिक्स की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने की योजना बना रहे हैं। बैठक में उन अंतिम दस्तावेजों की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। जिसे भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान शिखर सम्मेलन में पेश करेगा।

BRICS INDIA 2026

### जयशंकर से मिलेंगे लावरोव

तास ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा भी किया है कि ब्रिक्स के कार्यक्रमों के दौरान लावरोव की एक पृथक आधिकारिक यात्रा भी होगी। जिसमें वह भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि पिछले महीने 23 मार्च को रूस के विदेश मंत्री ने नई दिल्ली के साथ उच्च-स्तर की कूटनीतिक वार्ता जारी रखने की उम्मीद जताते हुए दोनों देशों के मजबूत संबंधों पर जोर दिया था।

### इन पांच देशों का समूह है ब्रिक्स

*यहां बता दें कि ब्रिक्स दुनिया के जिन पांच देशों का समूह है। उनमें ब्राजील, भारत, चीन, दक्षिण-अफ्रीका और रूस शामिल हैं। आकार के हिसाब से इसके तहत विश्व की जनसंख्या की 40% से अधिक आबादी का समावेश है। इसके अलावा ब्रिक्स में दुनिया की 37% जीडीपी और व्यापार में भी अच्छी-खासी भागीदारी है। यह समूह पश्चिम केंद्रित वित्तीय संस्थानों के विकल्प के रूप में नए विकास बैंक के माध्यम से आर्थिक सहयोग, निवेश और बहुध्रुवीय ग्लोबल ऑर्डर को बढ़ावा देता है। समय के साथ-साथ ब्रिक्स का विस्तार भी हुआ है और अब इसमें ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे खाड़ी क्षेत्र के तीन देश भी शामिल हो गए हैं। जो वैश्विक कच्चे तेल के उत्पादन पर करीब 44% नियंत्रण रखते हैं।*

### मिस्री-रुडेंको ने इन मुद्दों पर की चर्चा

*वहीं, विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री और रूस के उप-विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको ने बीते सोमवार को नई दिल्ली में हुई भारत-रूस विदेश कार्यालय मंत्रणा बैठक में भाग लिया। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए हर मामले पर चर्चा की गई और साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों पक्षों ने पिछले साल दिसंबर महीने में राष्ट्रीय राजधानी में हुए 23 वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की है। अपनी भारत यात्रा के दौरान रूस के उप-विदेश मंत्री ने विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर से शिष्टाचार मुलाकात की। ज्ञात हो कि उक्त बैठक का पिछला दौर बीते वर्ष 2025 में मार्च महीने में रूस की राजधानी मास्को में आयोजित किया गया था।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109